केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
14 वर्षो से निरंतर....
Website:- www.malwaherald.com
RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष 14 अंक 58 | उज्जैन रविवार 6 अगस्त 2023 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए



महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

**सुविचार**

पूरे ब्रम्हांड में एक जुबान ही ऐसी जगह है.. जहाँ जहर और अमृत एक साथ रहते है..।

# लाड़ली बहना योजना जीवन बदलने का अभियान-मुख्यमंत्री चौहान

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 138 करोड़ से ज्यादा के विकास कार्यों के किये भूमि-पूजन/लोकार्पण

**मेरा सौभाग्य है कि मैं सवा करोड़ लाड़ली बहनों का भाई हूँ »»» छूटी हुई बहनों का अगले महीने पंजीयन किया जायेगा »»»10 तारीख को लाड़ली बहनों के खातों में जायेगी राशि, 28 अगस्त को मुख्यमंत्री करेंगे संवाद »»»योजना की राशि क्रमशः बढ़ाकर 3000 रूपये करेंगे »»»महिलाओं की ताकत बढ़ाने के लिये स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण »»»केन-बेतवा परियोजना से टीकमगढ़ के साथ पूरे बुंदेलखण्ड की बदलेगी तस्वीर**

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में शुरू की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना केवल योजना ही नहीं, बल्कि बहनों का जीवन बदलने का अभियान है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने महिलाओं को धनराशि दिलाने के साथ मन में विश्वास और आत्म-सम्मान भी बढ़ाया है। बेटी के बगैर जीवन-चक्र नहीं चल सकता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए बालिका और महिला केन्द्रित महत्वाकांक्षी योजनाएँ मध्यप्रदेश सरकार ने शुरू की है। प्रदेश में इस योजना का लाभ एक करोड़ 25 लाख बहनों को मिल रहा है, जिनके बैंक खाते में प्रतिमाह की 10 तारीख को 1000 रूपये की राशि जमा कराई जा रही है। योजना के दूसरे चरण में 21 से 23 साल की बहनों का पंजीयन किया जा रहा है। अगले माह छूटी हुई बहनों का पंजीयन किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान टीकमगढ़ जिले की जतारा तहसील के वेरवार गाँव में लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विकास पर्व के दौरान 138 करोड़ 8 लाख रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार, विधायक श्री हरिशंकर खटीक, श्री राहुल सिंह, डॉ. शिशुपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक श्रीमती अनीता नायक सहित जन-प्रतिनिधि और हजारों लाड़ली बहनें एवं नागरिक उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली बहनों की आँखों में आँसू नहीं आने दूँगा। सबके चेहरे पर मुस्कुराहट लाकर ही चैन से बैठूंगा। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं सवा करोड़ लाड़ली बहनों का भाई हूँ। भाई ने सोचा कि साल में एक बार नहीं, हर महीने बहनों के खाते में राशि देना चाहिये। इसीलिये लाड़ली बहना योजना शुरू की। शुरूआत 1000 रूपये से की है, लेकिन धीरे-धीरे इसे बढ़ाकर 3000 रूपये किया जायेगा। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए उनकी आमदनी प्रतिमाह 10 हजार रूपये तक करने का लक्ष्य है। उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए स्व-सहायता समूह से जोड़ा जा रहा है, साथ ही समूहों को कार्य भी दिये जा रहे हैं। बहना के हाथ में पैसा होने पर उनका घर और समाज में सम्मान बढ़ेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बहनों 10 तारीख फिर आ रही है। आपके खाते में फिर राशि डाली जायेगी। इसी महीने की 28 तारीख को आपका भाई आपसे फिर संवाद करेगा।



### स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत तक भागीदारी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहाँ स्थानीय निकायों में 50 प्रतिशत तक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। प्रदेश में महिलाएँ पंचायत और नगरीय निकाय का सफलता से संचालन कर रही हैं। समाज में महिलाओं की हिस्सेदारी और ताकत, दोनों बढ़ी हैं। प्रदेश में नया कानून लाकर बेटियों के साथ दुराचार करने वालों को फाँसी की सजा दिलाई जा रही है और आरोपियों के घर बुलडोजर से गिराये जा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना की राशि 2000 रूपये बढ़ाई गई

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि छोटे किसानों की माली हालत सुधारने के लिये प्रधानमंत्री सम्मान-निधि में 6000 रूपये की राशि 3 किश्तों में दी जा रही है। राज्य सरकार ने पहले 4000 रूपये की राशि अपनी ओर से किसानों के खाते में डाली, अब इसे बढ़ाकर 6000 रूपये तक किया गया है। किसानों के खाते में अब पूरे वर्ष 12 हजार रूपये की राशि डाली जा रही है।

### केन-बेतवा परियोजना

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखण्ड की महत्वाकांक्षी केन-बेतवा परियोजना को केन्द्र सरकार की मंजूरी पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि अब टीकमगढ़ के साथ बुंदेलखण्ड के बड़े क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा और पानी की कमी दूर होगी। पूर्ववर्ती सरकार में किसानों को 15 से 18 प्रतिशत तक की दर पर कृषि ऋण मिल पाता था। हमारी सरकार ने किसानों को जीरो प्रतिशत पर कृषि ऋण उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने अनेक जन-कल्याणकारी योजनाएँ बंद कर दी थीं, जिन्हें हमारी सरकार ने दोबारा से शुरू किया है।

### बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य सरकार ने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया है। प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है। बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक पाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिये 25 हजार रूपये की राशि दी गई है। जिन बच्चों ने अपने स्कूल में टॉप किया है, उन्हें स्कूटर और बालिकाओं को स्कूटी दी जा रही है। जो बच्चे गाँव से बाहर अन्य स्थान पर पढ़ने जाते हैं, उन्हें कक्षा 6 और 9 में प्रवेश पर साइकिल खरीदने के लिए 4 हजार 500 रूपये की राशि उनके खाते में उपलब्ध कराई जा रही है। प्रतिभाशाली बच्चे, जो देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में प्रवेश पाने में सफल हो जाते हैं, उनकी पढ़ाई का सारा खर्च राज्य सरकार उठा रही है।

### मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिये राज्य सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। प्रदेश में 15 अगस्त तक एक लाख सरकारी पदों पर भर्ती की प्रक्रिया पूरा करने के ठोस प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना प्रदेश के युवाओं को स्व-रोजगार के साथ-साथ सम्मानजनक रोजगार देने में मददगार साबित होगी। इस योजना में युवाओं को कम्पनियों में ट्रेनिंग के साथ प्रतिमाह 8 हजार रूपये स्टाइपेंड दिया जायेगा।

### लाड़ली बहनों ने भाई को 102 फीट की राखी भेंट की

लाड़ली बहना सम्मेलन में लाड़ली बहनों ने अपने मुख्यमंत्री भाई को 102 फीट की राखी भेंट की। कार्यक्रम में हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये गये। मुख्यमंत्री श्री चौहान को पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री खटीक ने श्री रामराजा सरकार की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या-पूजन से की। उन्होंने लाड़ली बहनों पर गुलाब के फूलों से पुष्प-वर्षा की।

### भूमि-पूजन और लोकार्पण

जतारा में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 138 करोड़ 8 लाख के 56 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। इसमें जतारा विधानसभा क्षेत्र की 68.14 करोड़ की नल-जल योजना, 11.35 करोड़ का जतारा सिविल अस्पताल, 10.94 करोड़ से मोहनगढ़ में 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन, 42 करोड़ की लागत से 29 किलोमीटर के जतारा-लिधौरा-जौरा सड़क निर्माण एवं 5.65 करोड़ के पाटनारपुर घाट वियर कुंवरपुरा के निर्माण कार्य शामिल हैं।

### जतारा रोड-शो में उमड़ा जन-सैलाब, पुष्प-वर्षा कर किया आत्मीय स्वागत

मुख्यमंत्री श्री चौहान का शनिवार को जतारा के रोड-शो में सड़कों के दोनों ओर मौजूद अपार जन-समूह के साथ लोगों ने अपने घरों की छतों से पुष्प-वर्षा कर अभिनंदन किया। जतारा की सड़कों एवं चौराहों पर लाड़ली बहने धन्यवाद शिवराज भैया की तख्तियाँ लेकर पुष्प-वर्षा कर रही थीं। मुख्यमंत्री ने रोड-शो के बीच वाहन को रोककर जनता से आवेदन भी लिये और हाथ भी मिलाया। एक बालिका ने उन्हें गुलाब का फूल भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने रोड-शो के बीच ही महान दिगंबर जैन संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने रोड-शो के मार्ग में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मशहूर शायर मुनव्वर राणा के घर चोरी लाखों के गहने लेकर फरार हुए चोर

**नईदिल्ली/जीएनएस।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध साहित्यकार और उर्दू शायर मुनव्वर राणा के आवास से आभूषण चोरी की सूचना मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, उनके फ्लैट के एक रूम से उनकी बेटी के सारे गहने चोरी हो गए हैं। इसकी शिकायत पुलिस में कराई गई है। दावा किया जा रहा है कि 40 लाख रुपये की चोरी हुई है। घटना उस वक्त हुई है जब घर पर कोई मौजूद नहीं था। दरअसल, मुनव्वर हॉस्पिटल में एडमिट हैं। उनका परिवार उन्हीं की देखरेख के लिए हॉस्पिटल में मौजूद था। इसी का चोरों ने फायदा उठाया है और गहने लेकर रफूचक्कर हो गए। फिलहाल चोरों की तलाश जारी है।राणा की बेटी, फ़ौज़िया राणा, बिहार में अपने ससुराल से अपने सभी आभूषणों के साथ लौटी थी, और कुछ दिन पहले उन्हें अपने स्टोर रूम में एक बैग में रखा था। हालांकि, जब गुरुवार को उसने अपने आभूषण चेक किए तो पाया कि बैग और सभी आभूषण के डिब्बे खाली थे। हुसैनगंज पुलिस स्टेशन के स्टेशन हाउस ऑफिसर, जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ताओं पर कोई संदेह नहीं है, और जबकि चोरी हुए आभूषणों का मूल्यांकन अभी नहीं किया गया है, इसकी कीमत कई लाख होने की संभावना है। चोरी की शिकायत पर कंप्लेंट दर्ज कर ली गई है और सीसीटीवी फुटेज और लोगों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम दूसरे दिन जारी, मुस्लिम पक्ष भी शामिल

**वाराणसी/जीएनएस।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने शनिवार को दूसरे दिन ज्ञानवापी परिसर में वैज्ञानिक सर्वेक्षण का काम शुरू किया। सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को दूसरे दिन के सर्वे कार्य में मुस्लिम पक्ष के पांच लोग भी शामिल हुए। मिश्रा के मुताबिक, एएसआई टीम शनिवार सुबह ज्ञानवापी परिसर पहुंची और दूसरे दिन का सर्वे कार्य शुरू किया, जो शाम पांच बजे समाप्त होगा। मिश्रा शुक्रवार को दिन भर हुए सर्वे के दौरान सर्वेक्षण टीम के साथ थे। हालांकि, शुक्रवार को हुए सर्वे कार्य में मुस्लिम पक्ष शामिल नहीं हुआ था। इस बीच, मुस्लिम पक्ष के अधिवक्ता तौहीद खान ने बताया कि शनिवार को जारी सर्वे कार्य के दौरान अधिवक्ता अखलाक और मुमताज सहित मुस्लिम पक्ष के पांच लोग एएसआई टीम के साथ मौजूद हैं। इससे पहले, शुक्रवार देर रात इंतेजामिया मसाजिद कमेटी के संयुक्त सचिव मोहम्मद यासीन ने एक पत्र जारी कर सर्वोच्च अदालत के फैसले का सम्मान करने और सर्वेक्षण में सहयोग करने की बात कही थी। यासीन ने कहा था कि एएसआई सर्वे पर स्थगन आदेश देने से माननीय सर्वोच्च न्यायालय के इनकार से उपजी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अंजुमन इंतजामिया मस्जिद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि शीर्ष अदालत के निर्णय का सम्मान करते हुए एएसआई के वैज्ञानिक सर्वे में सहयोग दिया जाएगा।

### दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में भूकंप से कांपी धरती, रिक्टर पैमाने पर 5.8 रही तीव्रता

**नई दिल्ली/जीएनएस।**दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में शनिवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। रात करीब नौ बजकर 31 मिनट के आसपास ये झटके महसूस किए गए। दिल्ली-एनसीआर के अलावा, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदूकुश में जमीन के भीतर करीब 181 किलोमीटर नीचे था। जम्मू-कश्मीर में भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गई। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से अबतक कहीं भी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## चंद्रयान-3 ने किया चंद्रमा के ऑर्बिट में प्रवेश, अब बस लैंडिंग बाकी

**नई दिल्ली/जीएनएस।** भारत के तीसरे चंद्र मिशन के अंतरिक्ष यान ने चंद्रमा की अपनी यात्रा का दो-तिहाई हिस्सा पूरा कर लिया है। शाम सात बजे यान को चांद की कक्षा में प्रवेश कर गया। 1 अगस्त को अंतिरक्ष यान को 'ट्रांसलूनर कक्षा' में डाल दिया गया। आज चंद्रमा की कक्षा में स्थापित किया गया। इस प्रक्रिया को लूनर ऑर्बिट इंजेक्शन (एलओआई) कहते हैं। चंद्रयान अभी धरती के जिस तरफ चक्कर लगा रहा था, आज से वो चंद्रमा के चारों ओर उलटी दिशा में चक्कर लगाएगा। यान पहले अंडाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा। इसके बाद 100 किमी की दूरी रहने पर ये गोलाकार ऑर्बिट में चक्कर लगाएगा।



### इसरो के चंद्रयान मिशन में आगे क्या क्या

शनिवार शाम को चंद्रयान-3 को चांद की बाहरी कक्षा में इंजेक्ट किया गया। फिर ये चंद्रमा के चक्कर लगाना शुरू करेगा। अगले करीब 18 दिन तक चंद्रयान 3 उसी तरह धीरे-धीरे चंद्रमा की ओर बढ़ेगा, जैसे-जैसे ये पृथ्वी से दूर गया था। 23 अगस्त 2023 की शाम को चंद्रयान 3 के चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने की उम्मीद है। ये सबसे बड़ी चुनौती है। फिर चंद्रयान 3 का असली मिशन शुरू होगा। इसरा रोवर चंद्रमा की सतह के सैंपल लेगा। अन्य कई परीक्षण भी करेगा। चंद्रयान 3 वहां से सारा डेटा और तस्वीरें इसरो के वैज्ञानिकों को भेजेगा। इस डेटा का एनालिसिस कर चांद के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी जुटाने की कोशिश होगी।

## ओडिशा में गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पटनायक ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की शुरुआत की

**भुवनेश्वर/जीएनएस।**मलकानगिरि में गुरुप्रिया पुल का उदाहरण देते हुए, पटनायक ने कहा कि इसने पूरे क्षेत्र के विकास में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। पटनायक ने कहा कि पश्चिम और दक्षिण ओडिशा को जोड़ने वाला आर्थिक गलियारा बीजू एक्सप्रेसवे क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। उन्होंने कहा कि ओडिशा हमेशा सहकारी संघवाद में विश्वास करता है। पटनायक ने राज्य के विकास एजेंडे के प्रति समर्थन के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में राष्ट्रीय राजमार्ग-53 के बहुप्रतीक्षित कामाख्यानगर-दुबुरी चार लेन खंड



का उद्घाटन किया। ओडिशा की दो दिवसीय यात्रा पर भुवनेश्वर पहुंचे शाह ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत स्वतंत्रता सेनानी और'भारत रत्न' गोपीनाथ बोरदोलोई को श्रद्धांजलि देकर की। उन्होंने कहा कि गोपीनाथ बोरदोलोई की वजह से आज संपूर्ण पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत का हिस्सा है। शाह ने कहा, ÷असम के पहले मुख्यमंत्री बोरदोलोई ने पूर्वोत्तर क्षेत्र को भारत का अभिन्न अंग बनाए रखने में अपार योगदान दिया।÷ केंद्रीय गृह मंत्री ने राज्य सरकार और ओडिशा के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि केंद्र ने राष्ट्रीय राजमार्ग के 51 किलोमीटर खंड को चार लेन बनाने के लिए 761 करोड़ रुपये खर्च किए हैं।

यह सड़क तालचेर के कोयला क्षेत्र और कलिंग नगर के इस्पात केंद्र को जोड़ती है। उन्होंने कहा, यह सड़क खनिज से समृद्ध अंगुल और ढेंकनाल जिलों को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगी और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का काम करेगी। राष्ट्रीय राजमार्गों को राष्ट्र की भाग्य-रेखा बताते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं पर जोर दिया है, क्योंकि ये किसी क्षेत्र का भाग्य बदल देती हैं।

## हिमाचल मानसून : बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या 200 हुई



**शिमला/जीएनएस।** हिमाचल प्रदेश में 24 जून से मानसून की शुरुआत होने के बाद से बारिश से संबंधित घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों की संख्या 200 हो गई है और राज्य को 6,650 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र द्वारा जारी हालिया आंकड़ों के अनुसार, बारिश से संबंधित घटनाओं में कम से कम 238 लोग घायल हुए हैं जबकि 32 लोग लापता हैं। केंद्र के मुताबिक, मानसून के दौरान जान गंवाने वाले 200 लोगों में से 76 की मौत सड़क दुर्घटनाओं में, 39 की मौत भूस्खलन में, 27 लोगों की मौत ऊंचाई से गिरने पर, 18 की मौत बाढ़ में, 17 की मौत दुर्घटनावश डूबने से, एक व्यक्ति की मौत बादल फटने से, नौ लोगों की मौत करंट लगने से और 13 की मौत अन्य कारणों से हुई है।



# संभागायुक्त ने अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु व्यवस्थाओं की समीक्षा की

## जिला मुख्यालय में आपदा नियंत्रण केन्द्र 24 घंटे रहे सक्रिय

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संभागायुक्त मालसिंह ने वर्षा काल के दौरान अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने हेतु व्यवस्थाओं की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त मालसिंह ने कहा कि अति वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सभी जिलों में समुचित प्रबंध किये जायें। होमगार्ड एवं वाहनों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से तैयार रखें। कहीं भी जल भराव एवं आवागमन बाधित न हो, इसलिये नदी-नाले की सफाई का कार्य एवं भराव क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जल संसाधन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि बांधों /जलाशय से पानी छोड़ने के पूर्व उसकी सूचना कलेक्टर, एस.डी.एम., रेल्वे अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारियों को दी जाये। जल स्तर की जानकारी डाटा सेंटर को त्वरित रूप से उपलब्ध करायी जाये। बांध पर वर्षा मापन के आंकड़े प्रति घण्टा / प्रतिदिन एकत्र करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल संसाधन विभाग से बांध से पानी छोड़ने की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पंचायत एवं निकटस्थ ग्रामों को सूचित किया जाये। आपातकालीन स्थिति हेतु आपदा प्रबंधन प्लान तैयार कर आवश्यक सामग्री की व्यवस्था की जाये। तत्काल उपचार हेतु चिकित्सक एवं दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाये। जल भराव वाले स्थानों को चिन्हांकित कर जल भराव को निकालने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।



संभागायुक्त ने कहा कि अतिवर्षा की स्थिति में प्रभावित पुल-पुलियों को चिन्हांकित कर सावधान, खतरे का बोर्ड एवं ड्राप गेट लगाये जायें। आपदा प्रबंधन विभाग प्लान तैयार कर आपदा से संबंधित आवश्यक सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कर लेवें। उन्होंने कहा कि आवश्यक सेवायें जैसे ऊर्जा, संचार, सड़क एवं पुलों आदि के रखरखाव की स्थिति की जानकारी हेतु संबंधित विभागों के नोडल अधिकारी नामांकित किये जाएं। जिले में बाढ़ उन्मुख क्षेत्रों में चारा एवं भूसा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। पेयजल की पर्यात व्यवस्था रहे। स्वास्थ्य एवं सफाई के लिए पर्याप्त साधनों की उपलब्धता ब्लीचिंग पाउडर, क्लोरिन टैबलेट, लाइम पाउडर इत्यादि की पर्याप्त भण्डारण एवं उपलब्धता सुनिश्चित रहे।




संभागायुक्त ने कहा कि बाढ़ वाले क्षेत्रों में राहत शिविर स्थापित करने के लिए स्थानों को चिन्हित कर उनकी सूची तैयार कर लें। नाव, मोटर बोट, रबर बोट एवं बेडे इत्यादि की जानकारी रखें। उपयोगी उपकरणों तैयार रखें। खोज एवं बचाव दलों को उपयुक्त स्थानों पर पदस्थ किया जाये। बाढ़ से बचने की जानकारी जन साधारण में विभिन्न माध्यमों से प्रसारित किया जाये। जिला मुख्यालय में आपदा नियंत्रण केन्द्र 24 घंटे पूरी तरह से सक्रिय रहे। प्रत्येक जिले में अपने क्षेत्र के अंतर्गत बहने वाली नदी एवं नालों के खतरे के जल स्तर को चिन्हांकित करते हुए खतरे के निशान से जल स्तर अधिक होने पर स्थिति में किये जाने वाले कार्यों को निर्धारित कर सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गये।

इस दौरान जिले से कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा, अपर कलेक्टर एस एस मुजाल्दा, एवं संबंधित विभाग के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

# एसडीएम श्री बैरवा ने ग्राम निपानिया बैजनाथ में मतदाताओं को किया जागरूक

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसडीएम सत्येंद्र बेरवा ने शनिवार को ग्राम निपानिया बैजनाथ के मतदान केंद्र पहुंचकर मतदाता सूची के द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रचलित गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के लिए प्राप्त किए जा रहे दावे- आपत्ति के बारे में जानकारी ली।

एसडीएम ने इस दौरान उपस्थित मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए जागरूक किया, उन्होंने कहा कि जो मतदाता 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और उनका नाम मतदाता सूची में जुड़ने से शेष है वह बीएलओ को आवेदन देकर अपना नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जुड़वा ले। साथ ही उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाता जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं वह भी बीएलओ को अग्रिम आवेदन देकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकते हैं। इसके साथ ही एसडीएम ने उपस्थित मतदाताओं को आगामी निर्वाचनो में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता वाहन द्वारा भी मतदाताओं को एलईडी पर फिल्म प्रदर्शित कर सभी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया। इस दौरान संबंधित बीएलओ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर द्वारा 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के संबंध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ली गई

**झाबुआ /माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर सुश्री तन्वी हुड्डा द्वारा ÷मेरी माटी मेरा देश'' अभियान के संबंध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आयोजित की गई। कलेक्टर सुश्री हुड्डा द्वारा बताया गया कि आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह के रूप में ''मेरी माटी मेरा देश'' अभियान 9 से 30 अगस्त तक आयोजन किया जाना है। जिसमें एनसीसी/एनएसएस/एनवाईकेएस युवाओं/पुलिस द्वारा साईकिल/बाईक/कार/ नाव रैली का आयोजन/मैराथन/मानव श्रृंखला /अमृत माटी कलश यात्रा सभी ग्राम एवं ग्राम पंचायत में किया जाएगा।प्रत्येक पंचायत में



शिलाफलकम (स्मारक) की स्थापना की जाएगी। इस कार्यक्रम का मूलभूत पहलु उन सभी बहादूरों के का स्मरण एवं सम्मान करना है, जिन्होने कर्तव्य पर रहते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस हेतु सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर अथवा अन्य उपयुक्त स्थल पर स्मारक की स्थापना की जावेगी। वसुधा वंदन - प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थानीय अमृत वाटिका विकसित किए जाने हेतु अमृत सरोवर, पुष्कर, अन्य तालाबों/चेकडैम, शासकीय परिसरों एवं सामुदायिक भूमि पर 75 स्वदेशी प्रजातियों के पौधे का रोपण, तथा 09 अगस्त 2023 को किया जावेगा। पंचप्रण शपथ - कार्यक्रम स्थलों पर ग्रामीणजन द्वारा हाथ में मिट्टी लेकर अमृतकाल के पंचप्रण की शपथ ली जावेगी। शपथ की सेल्फी ली जाकर भारत सरकार की व े ब स ा इ ं ट https://yuva.gov.in/meri_maati_mera_desh पर अपलोड की जावेगी। इस दौरान एडिशनल सीईओ दिनेश वर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती निशा मेहरा, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी राधू बघेल एवं संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे एवं सभी जनपद सीईओ एवं नेहरू युवा अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# अब विजय खड़िया चलाएगा मोटरसाइकिल

**मेघनगर/झाबुआ (मेघनगर) माणक लाल जैन।** रोटरी क्लब अपना मेघनगर की सेवा के चर्चे तो हर जगह चलते ही है इसी चर्चा के दौरान विजय खड़िया ग्राम सजेली नानीयासाज का रहने वाला जिसका तीन वर्ष पुर्व गुजरात की किसी कारखाने में काम करते वक्त मशीन की चपेट में आने से हाथ गंवा बैठा था गांव में किसी व्यक्ति ने बताया कि रोटरी क्लब अपना मेघनगर वाले आपका हाथ लगवा देंगे आप मेघनगर में किसी से भी रोटरी वाले का पता पुछ लेना रोटरी वालो को मेघनगर में सभी पहचानते वहां उनसे मिलना वे आपकी इस समस्या का निकाल कर सकते हैं विजय ने मेघनगर में रोटेरियन भरत मिस्त्री से सम्पर्क किया मिस्त्री ने विजय की



समस्या को देख तुरंत रूू4 कृत्रिम हाथ दिखाए ये हाथ आपको लगा सकते हैं विजय को भी समझ में आ गया और भरत मिस्त्री ने तुरंत सभी सभी रोटेरियन साथियों को बुलाकर उनकी उपस्थिति में विजय का कृत्रिम हाथ लगाया विजय का लगाने के बाद विजन ने अपने हाथ से पानी से भरी की बाल्टी उठाई विजय के साथ उसके परिवारजन आए उन्होंने विजय के हाथ लगने के बल्टी उठाते देख खुशी से दुम उठे और उन्होंने रोटरी क्लब अपना के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया रोटरी क्लब अपना के अध्यक्ष चंदन बाला ने विजय से पूछा की आपको हाथ लगने के बाद कैसा महसूस हो रहा है तब विजय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि में यह हाथ पाकर बहुत खुश हूं में अब मोटरसाइकिल चला सकता हूं आप सभी रोटरी वालों को बहुत-बहुत धन्यवाद मुझे एक व्यक्ति ने रोटरी की सेवा के बारे में जो बताया था वह आज मेने स्वंय ने देखा रोटरी क्लब अपना मेघनगर वास्तव में हर लाचार व्यक्ति का सहारा बनता है मेरे पास शब्द नहीं है में क्या कहुं बस इतना ही कहुंगा आप सभी को धन्यवाद

इस अवसर पर रोटरी क्लब अपना की अध्यक्ष चंदन बाला शर्मा सचिव माया शर्मा उपाध्यक्ष कुसुम सोलंकी जयंत सिंघल कांतिलाल नीमा महेंद्र सिंह सोलंकी एवं विजय के परिजन आदि उपस्थित रहे।

# युवा मोर्चा मंडल मंत्री का जन्मदिन मनाया धूमधाम से



**सलसलाई/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गुलाना मंडल मंत्री ग्राम चितावद निवासी संतोष राठौड़ का जन्मदिन ग्राम सहित पूरे क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया जहां सुबह से ही व्हाट्सएप फेसबुक सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से लगातार बधाई का दौर चलता रहा वहीं इस दौरान सलसलाई नगर में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व जिले के चुनाव प्रभारी विजेंद्र सिंह सिसोदिया के द्वारा उन्हें जन्मदिन के बधाई के साथ हार फूल माला कर बधाई दी गई इस दौरान नगर में भी उनका जन्मदिन मनाया गया जहां श्री राठौर ने अपने जन्मदिन पर कहा कि पार्टी संगठन के लिए अतुल कारी है हम संगठन से जुड़े इसलिए ही आप सब मिलकर यह कार्य कर रहे हैं इस दौरान भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष पूर्व हेमंत मेवाड़ा धर्मराज परमार बहादुर मेवाड़ा रोशन मेवाड़ा जगदीश मेवाड़ा लखन आचार्य सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अवैध फ्लेक्स बेनर पोस्टर के खिलाफ अपने कार्यकाल में नोटिस भी जारी किया

**बदनावर/मनीष शर्मा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजनीति, सामाजिक या धार्मिक किसी भी कार्यक्रम होने से पहले उनके प्रचार प्रसार के लिए फ्लेक्स, बेनर, झंडे का इस्तमाल कुछ वर्षो से बड़ गया है। इनको लगाने में शासकीय संपत्ति का भरपूर उपयोग किया जाता है। उक्त संपत्ति के संबंधित विभाग इन पर किसी भी प्रकार का ध्यान नहीं देता है। जबकि शासकीय संपत्ति का उपयोग करना कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। कई बार हवा आंधी में इनके उड़ने से लोगो को चोट भी पहुंची है, फिर भी प्रशासन मोन है। वही स्टेट हाइवे पिटगारा चौराहे पर लगे सांकेतिक गेट पर भी अधिकतर समय कोई न कोई फ्लेक्स लगा हुआ होता है। जिससे उस बोर्ड पर दी गई जानकारी राहगीरों को नही दिखती है। आज कल जनदीन की बधाई के फ्लेक्स से नगर का कोई कोना नही बचता है। सीएमओ आशा भंडारी ने अवैध फ्लेक्स बेनर पोस्टर के खिलाफ अपने कार्यकाल में नोटिस भी जारी किया था। अब देखना की प्रशासन इन पर कब संज्ञान में लेकर नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करता है।

# कांतिलाल भूरिया ने पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर लगाया आरोप

**आदिवासियों पर अत्याचार रोकने पर नाकाम रही भाजपा सरकारः कांतिलाल भूरिया »»आदिवासी स्वाभिमान यात्रा का महा समापन 7 अगस्त को झाबुआ में होगा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ दिग्विजय सिंह प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ नेता समापन में भाग लेंगे**

**झाबुआ/माणक लाल जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कांतिलाल भूरिया ने कहा कि भाजपा शासनकाल मैं सरकार आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में नाकाम साबित हो रही है भाजपा विधायक के परिवार वाले आदिवासियों को गोली मार रहे हैं नित्य घटनाएं हो रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा वहीं उन्होंने कहा की कांग्रेस नेता राहुल गांधी के प्रति भाजपा ने जो साजिश रची थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें राहत देते हुए नाकाम साबित कर दी सत्य की जीत हुई हम न्यायपालिका पर विश्वास करते हैं आज भाजपा शासनकाल में कर्मचारी तक परेशान है जिन्हें वेतन के लाले पड़े हुए है परिवार का भरण पोषण नहीं कर पा रहे सरकार के मुखिया प्रत्येक माह लोन लेकर प्रदेश को कर्ज में डूबा रहे हैं

पत्रकार वार्ता को जिला कांग्रेस प्रभारी हमीद का जी ने भी संबोधित कर मीडिया से आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार का आम



जनता के बीच रखने की अपेक्षा की

जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने आदिवासी स्वाभिमान यात्रा समापन को लेकर बताया कि सीधी से 19 जुलाई से प्रारंभ हुई आदिवासी स्वाभिमान यात्रा 17 जिलों की 36 विधानसभाओं से होती हुई 7 अगस्त को यात्रा झाबुआ पहुंचेगी तत्पश्चात सभा होगी सभा को आदिवासी स्वाभिमान यात्रा का नेतृत्व कर रहे मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया आदिवासी कांग्रेस विभाग अध्यक्ष रामु टकाम महिला आदिवासी कांग्रेस विभाग की प्रदेश अध्यक्ष चंदा सरवटे सहित नेतागण संबोधित करेंगे आदिवासी स्वाभिमान यात्रा मे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देश पर प्रदेश के आदिवासियों दलितों पर हो रहे अत्याचार के विरोध व आदिवासियों के स्वाभिमान को जागृत करने कांग्रेस पार्टी की रीति नीतियों को आमजन को अवगत कराने के उद्देश्य को लेकर निकाली जा रही है 7 अगस्त को झाबुआ के उत्कृष्ट खेल मैदान मैं आदिवासी स्वाभिमान यात्रा का महा समापन होगा जिसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जेपी अग्रवाल पूर्व सांसद सुरेश पचौरी पूर्व केंद्रीय मंत्री विधायक कांतिलाल भूरिया पूर्व मंत्री अजय सिंह जयवर्धन सिंह सुरेंद्र सिंह हनी बघेल अरुण यादव जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक हमीद काजी सहित प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता गण आयोजित समापन में भाग लेंगे 7 अगस्त को प्रातः 10 बजे ग्राम का गज्जर राणापुर रोड से नगर में प्रवेश करेगी यात्रा शहीद टंट्या मामा चौराहे से गोपाल कॉलोनी राजगढ़ नाका डीआरपी लाइन विजय स्तंभ जेल चौराहे से बस स्टैंड फव्वारा चौक होते हुए सभा स्थल उत्कृष्ट खेल मैदान पहुंचेगी यात्रा में शामिल कॉन्ग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता ग्रामीण किसान आम जनता आयोजित सभा में शामिल होंगे

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता साबिर फिटवेल जिला कांग्रेस प्रवक्ता आचार्य नामदेव अली असगर बोहरा गोपाल शर्मा जितेंद्र शाह आदि उपस्थित थे आदिवासी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने समस्त कार्यकर्ताओं पदाधिकारी से आदिवासी स्वाभिमान यात्रा को सफल बनाने अपील की है।

# 76 वे स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर थांदला के जनपद सभा ग्रह में प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी की बैठक

**झाबुआ (थांदला) माणक लाल जैन।** 76 वे स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर थांदला के जनपद सभा ग्रह में प्रशासनिक अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी एस डी एम तरूण जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रविन्द्र राठी जनपद सीईओ राधा डावर नगर परिषद सी एम् ओ भारत सिंह टांक नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी सुनील पडदा पार्षद गोलु समर्थ उपाध्याय जनपद पंचायत की पदाधिकारी गण नगर के शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य मेहता सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि गण पत्रकार गण की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया की हमेशा की तरह सभी स्कूलों एवं कालेज के प्राचार्य व प्रबंधक बच्चे बारीश नहीं होती तो आजाद चौक आएगे जहां नगर की प्रथम नागरिक नगर परिषद अध्यक्षा श्रीमती लक्ष्मी सुनील



पडदा आजाद चौक में 8.30 लगभग झंड़ा वंदन करेगी जहां नगर के गणमान्य नागरिक ओर जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी पत्रकार भी मौजूद रहेंगे थाने के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी जाएगी ओर राष्ट्रीय गीत होगा इसके पश्चात सभी स्कूलों के शिक्षकों के साथ बच्चों को 9 बजे के बाद दशहरा मैदान में जनपद पंचायत अध्यक्षा झंडा वंदन करेगी जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूलों द्वारा होंगे ओर नगर में समाज सेवा आम जन हितार्थ समर्पित भाव से कार्य करने वाले का सम्मान होगा वह वरिष्ठ पत्रकार रहे ओमप्रकाश भट्ट सुरेन्द्र कांकरिया को उत्कृष्ट पत्रकारिता अन्य सेवा क्षैत्र में सामाजिक क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा बारीश होने पर आजाद चौक में झंडा वंदन होगा ओर स्कूल संस्थाएं अपने अपने स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम करवा सकते हे क्योंकि बारिश में दशहरा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम खुली जगह होने से संभव नहीं हे।

### भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ नगर जिला उज्जैन की बैठक संपन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ नगर जिला उज्जैन की एक आवश्यक बैठक दशहरा मैदान स्थित सुराना पैलेस पर आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नगर संयोजक अनिल धर्मे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव, नगर के उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, नगर के उपाध्यक्ष मोहन जायसवाल, जगदीश पांचाल, नगर मंत्री टीना गुजराती, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के नगर संयोजक अनिल धर्मे, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी मंगेश श्रीवास्तव, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नगर सदस्य चेतना खड़ेकर विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सार समाचार

# श्री राजेश्वर हाईस्कूल आलोट मे ग्रीन डे तथा कक्षा 9वीं के छात्रों का स्वागत उत्सव आयोजित किया गया



**आलोट/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज स्थानीय विद्यालय श्री राजेश्वर हाईस्कूल आलोट मे ग्रीन डे तथा कक्षा 10 वीं द्वारा कक्षा 9वीं के छात्रों का स्वागत उत्सव आयोजित किया गया। इस परिप्रेक्ष्य मे नव प्रवेशी बच्चो का तिलक लगाकर स्वागत किया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य श्री भरत आंजना तथा श्री इंदर आंजना ने माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित कर की। ग्रीन डे के अंतर्गत छात्रों और शिक्षकों ने विद्यालय परिसर मे पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम के अंत मे आभार श्रीइंदर आंजना ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

# संस्था प्रयास कुछ कर गुजरने का के निर्वाचन संपन्न



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संस्था प्रयास कुछ कर गुजरने का के निर्वाचन संपन्न हुए। जिसमें सर्वानुमति से अध्यक्ष अर्पित खाबिया, सचिव गुलरेज मंसूरी, सहसचिव विवेक काबरा एवं कोषाध्यक्ष मनीष शर्मा को मनोनीत किया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सदस्यों द्वारा पुष्प माला पहनाकर बधाई दी गई। पश्चात संस्था द्वारा आगामी समय में होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों का बारे में निर्णय लिया गया। इस अवसर पर संस्था के पूर्व अध्यक्ष गुलशन खटोड़ द्वारा गत वर्ष का प्रतिवेदन और आय-व्यय प्रस्तुत किया गया। बैठक में संस्था के आशुतोष शर्मा, साकेत गामा, ऋषभ नीमा, हेमंत दौराया, नितिन शर्मा, नितीन त्रिवेदी, हेमन्त खाबिया, धर्मेंद्र भारद्वाज, सिद्धार्थ जैन आदि सदस्य उपस्थित थे। संस्था सदस्य राजकुमार राजपुरोहित, बार एसोसिएशन अध्यक्ष जयेश आचार्य, राजपालसिंह, सौरभ लाठी, अमित जैन, सौरभ गोखरू, राहुल बुरड़, राहुल शर्मा , डॉ अंशुल गुप्ता ने बधाई प्रेषित की।

# कंप्यूटर एवं कोचिंग कक्षा निशुल्क प्रारंभ

**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गीता भवन में निःशुल्क कंप्यूटर कक्षा व कोचिंग कक्षा संध्या 5:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक संचालित की जा रही है। संचालक अभिषेक शर्मा ने बताया कि कोचिंग के लिए कक्षा 9वीं 10वीं 11वीं के बालक बालिकाएं अपना रजिस्ट्रेशन गीता भवन में आकर कराएं साइंस, आर्ट्स के विद्यार्थियों के लिए एवं कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के बच्चों के लिए विशेष कोचिंग की सुविधा की गई है । संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वह गीता भवन में आकर उपरोक्त कक्षाओं के विद्यार्थी अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं एवं निशुल्क कोचिंग कंप्यूटर व कोचिंग कक्षाओं का लाभ प्राप्त करें । उपरोक्त जानकारी विनोद मकवाना ट्रस्टी के द्वारा दी गई।

# सियाराम आश्रम के महंत श्री अमृत दास जी महाराज का भव्य जन्मोत्सव मनाया



**बड़नगर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सियाराम आश्रम के पीठाधीश्वर,षट दर्शन परिषद बड़नगर के अध्यक्ष महंत श्री अमृत दास जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर सियाराम आश्रम परिवार ने धूमधाम से मनाया।इसके पूर्व इसके पूर्व बाबा भोलेनाथ जी का अभिषेक किया गया एवं श्री हनुमान जी महाराज को भव्य चोला चढ़ाकर आरती की गई तत्पश्चात सभी ने आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर रामप्रसाद मंडलोई, कृष्णा भावसार,महेंद्र शर्मा, प्रेमचंद द्वितीय, कैलाश शर्मा,पंडित रविदत्त पौराणिक,सुनील मंडलोई, अरविंद व्यास, रामेश्वरम चावड़ा,पारस जैन, संजय बिलाला, सुनील शर्मा, रामनिवास नवहाल, लोकेंद्र पटेल, अनूप राणा, बद्रीलाल राठौड़, धर्मेंद्र राठौड़, अजय दवे, पंकज भावसार, प्रदीप गादीया आदि उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी आइकॉन श्री पाटिल ने युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु किया जागरूक

## 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं मतदाता, अपना नाम जुड़वाए

**आगर मालवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मतदाता जागरूकता अंतर्गत आज प्रधान मंत्री कौशल केंद्र आगर में पीडब्ल्यूडी आइकोन संजीव कुमार पाटिल और मतदाता जागरूकता फोरम रोजगार विभाग द्वारा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। मतदाताओं को बताया कि ऐसे नागरिक जो 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, उन मतदाता को अपने मतदान केन्द्र पर बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने हेतु आवेदन करने व ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी क्यूआर कोड स्कैन कर फार्म नंबर 6 में आवेदन कर ऑनलाइन नाम जुड़वाने सकते है। इसके साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक कर अपने मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित छात्रों से अपील की कि वे अपने गांव वार्ड और अपने आसपास सभी को जागरूक करे।

# बेरोजगारी पर MSME मंत्री का जवाब : ओमप्रकाश सकलेचा

# बोले- मेरे दो विभागों में एक लाख से ज्यादा लोगों को नौकरी मिली



**सिंगोली(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मप्र सहित देशभर में बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। बेरोजगार युवा और विपक्षी दल सरकार को इस मुद्दे पर घेरते रहते हैं। मप्र सरकार एक साल में एक लाख लोगों को नौकरी देने का दावा कर रही है। सरकार के इस दावे पर विपक्ष हमलावर है। इस बीच मप्र सरकार के एमएसएमई मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने बड़ा दावा किया है। सकलेचा ने कहा कि अकेले एक लाख लोगों को उनके दो विभागों ने नौकरी दी है।

## एमएसएमई और आईटी विभाग ने एक लाख लोगों को नौकरी दी

भोपाल में मीडिया से बेरोजगारी के सवालों पर जवाब देते हुए ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा- एक लाख से तो बहुत ज्यादा नौकरियां दे दी। आईटी और एमएसएमई दोनों विभागों ने मिलकर एक लाख से ज्यादा नौकरियां दी हैं। आईटी सेक्टर में सवा से डेढ़ लाख लोगों की नौकरी लग गई है। उसमें से करीब इंदौर शहर में 40,000 से ज्यादा नौकरी दी गई है। भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर के संभागवार आंकड़े भी दे सकता हूं। डेढ़ साल में यह नौकरियां दी गई हैं। सकलेचा ने कहा- अगर साधारण तौर पर ले लें तो, पीएफ ईएसआईसी का डाटा निकाल ले टीसीएस, इंफोसिस, टाटा, सेमीकंडक्टर कंपनियों ने कितने लोगों को नौकरी दी है। यह सारे आंकड़े, कंपनियों की लिस्ट मैं भी दे दूंगा। मल्टीनेशनल कंपनियों की एक खासियत होती है। उनका आंकड़ा पीएफ और ईएसआईसी के साथ आंकड़े आ जाते हैं।

## जितनी क्षमता उतना कर्ज ले रही सरकार

लगातार कर्ज लेकर फ्री की योजनाएं शुरु करने के विपक्ष के आरोपों पर मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा- अर्थव्यवस्था में कैपेसिटी है, तभी उतना जनरेशन हमने किया। तभी डिस्ट्रीब्यूट कर पा रहे हैं। 2003 में अगर सिर्फ 23 हजार करोड़ का बजट था तो उतनी लाइबिलिटी उस दिन भी थी। वो तो प्रोपेशनेट होती है। आपकी री-पे करने की कैपेसिटी आरबीआई, भारत सरकार ने तय कर रखी है। उसी कैपेसिटी में आपको पे करना है। जितना आपका बजट है उससे ज्यादा आप बौरो नहीं कर सकते। नियम बने हैं उनके तहत ही सब कुछ होता है।

## महिलाओं को गैस की टंकी देना मुफ्तखोरी नहीं

ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा- मैं इन्हें फ्री की योजनाएं नहीं मानता। किसी भी महिला के लिए गैस की टंकी मिलना फ्रीबीस(मुफ्त) मानेंगे क्या? उसके स्वास्थ्य की चिंता नहीं करना चाहिए। मैं नहीं मानता कि ये फ्रीबीस है। मैं तो एक कदम आगे चल रहा हूं। मैंने अपनी विधानसभा के सवा लाख लोगों के ईसीजी ऑन मोबाइल कर दिए। कल यदि हार्ट अटैक आएगा तो आप ईसीजी की पुरानी कॉपी खोजने जाएंगे। मैंने अपने क्षेत्र के लोगों की आभा आईडी पर पूरा हेल्थ रिकॉर्ड अपलोड करा दिया है। ताकि बीमारी के वक्त जरूरत पड़ने पर पूरा रिकॉर्ड मिल सके।

# भविष्य में आर्टिफिशियल इंटीलीजेंस पर आधारित रोजगार की अपार सम्भावनाएं है-श्री सखलेचा

**मंत्री श्री सखलेचा ने जावद में सरपंचो, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सचिवों, रोजगार सहायकों की बैठक में किया संवाद**



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के सूक्ष्मी, लघु, मध्यम, उद्यम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा कि डिजीटल क्रांति के इस युग में भविष्य में आर्टिफिशियल इंटीलीजेंस पर आधारित रोजगार की अपार संभावनाए है। सभी को आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस का ज्ञाना होना जरूरी है। यह आत्मपनिर्भरता के लिए भी जरूरी है।

मंत्री श्री सखलेचा जावद चिकित्सामलय में शनिवार को क्षेत्र के सरपंचगणों, आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सचिवों और रोजगार सहायको तथा पटवारियों की बैठक को सम्बोसधित कर रहे थे। बैठक में न.प.अध्यरक्ष श्री सोहनलाल माली, श्री रूपेंद्र जैन, श्री मुकेश जाट, श्री सचिन गौखरू, श्री श्या म काबरा, श्री जसवंत बजारा, श्री अर्जुनमाली एवं अन्ये जनप्रतिनिधि, सरपंचगण, एसडीएम श्री राजकुमार हलदर सहित अन्यज अधिकारी उपस्थित थे।

मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि जावद क्षेत्र के 31 विद्यालयों में विद्यार्थियों को प्रतिदिन ऑनलाईन कक्षाओं के माध्येम से इंग्लिश स्पीउकिंग, ए.आई. एवं एनीमेशन का अध्या,पन करवाया जा रहा है। उन्होमने कहा? कि सभी जनप्रतिनिधियों को भी ऑनलाईन कक्षाओं से जुडकर ए.आई., एनीमेशन, इंग्लिश स्पीधकिंग का ज्ञान अवश्य प्राप्तन करना चाहिए।

मंत्री श्री सखलेचा ने कहा कि आत्म्निर्भर भारत एवं आत्मीनिर्भर जावद के लिए पहला सुख निरोगी काया के मूलमंत्र को ध्याहन में रखकर स्व स्थम जावद की पहल कार्यक्रम चलाया जा रहा है। साथ ही भावी पीढी को आर्टिफिशियल इंटीलिजेंस को ज्ञान उपलब्धव कराने के लिए ऑनलाईन कक्षाएं संचालित की जा रही है। क्षेत्र की आंगनवाडियों में टी.वी., फर्नीचर, व विशेष प्रकार के खिलौने, टेबलेट, बच्चोंआ को उपलब्ध करवाये जा रहे है, जिससे कि वे खेल-खेल में शिक्षा प्राप्तक कर अपना मानसिक विकास कर सके। उनका प्रयास है, कि आंगनवाडियों के माध्य म से प्रारंभ से ही बच्चों में शिक्षा का स्तर अच्छा हो और वे भविष्य में अच्छान ज्ञान अर्जित कर आत्मरनिर्भर बन सके।

बैठक में मंत्री श्री सखलेचा ने आगामी 7 अगस्त को मनासा में प्रस्तामवित मुख्यजमंत्री जी के कार्यक्रम की तैयारियों की भी विस्तोर से समीक्षा कर, उपस्थितजनों का आव्हातन किया कि वे क्षेत्रवासियों के साथ अधिकाधिक संख्यास में मुख्यतमंत्री जी के कार्यक्रम में अवश्या भाग लें।

# भक्त पूर्ण समर्पण श्रद्धा से भगवान की भक्ति करता है तो उसके सारे संकट दूर हो जाते है मुनिश्री सुप्रभ सागर





**सिंगोली।(सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान की भक्ति भक्तों के विघ्नों को नष्ट कर देती है। भक्तों के जीवन में नए कष्ट आने ही नहीं देती है। जो भक्त पूर्ण समर्पण और श्रद्धा से भगवान की भक्ति करता है, तो उसके सारे संकट दूर हो जाते हैं यह बात नगर में चातुर्मास हेतु विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से शिक्षित व वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज से दिक्षीत मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने 5 अगस्त शनिवार को प्रातः काल धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में कई संकर-कष्ट आते हैं, एक कष्ट दूर होते ही, दूसरा संकट तैयार रहता है। आचार्य कहते है- यदि जीवन से संकट को निकालना है, तो सच्चे मन से प्रभु का स्मरण करो । जिसे प्रभु याद रहते है, उस पर प्रभु दया करते है। कर्मो के उदय में दुःख आते हैं और भगवान की भक्ति के द्वारा अर्जित पुण्य के द्वारा वे दुःख शीघ्र नष्ट हो जाते है। भगवान की भक्ति शरीर के रोगों ही नहीं जन्म जरा मृत्यु रूपी अनादिकालीन रोग को भी नष्ट कर देती है। भगवान की भक्ति के द्वारा असाध्य रोग भी नष्ट हो जाते है। राजा श्रीपाल को पूर्व भव के पापोदय से कुष्ठ रोग हुआ, मैनासुन्दरी ने भगवान की भक्ति के द्वारा उस रोग को भी ठीक कर दिया। आज भी भक्ताभर स्त्रोत के द्वारा कैंसर जैसे रोग ठीक हो रहे हैं। आचार्य वादिराज स्वामी ने जिनशासन की सुरक्षा व प्रभावना के लिए अपने शरीर में व्याप्त कुष्ठ रोग को भगवान की भक्ति के माध्यम से दूर कर लिया था। भगवान की जो शरण लेता है, वह शत्रुओं को भी मित्र बना लेता है। भगवान की शरण में सांप नेवला, सिंह गाय, कुत्ता बिल्ली जैसे जन्मजात शत्रु भी मित्र बन कर बैठते है। भगवान की भक्ति, शरण जीवन में अकल्पनीय चमत्कार घटित कर सकती है वही मुनिश्री दर्शित सागर जी महाराज ने कहा कि दान क्या है? आचार्यो ने कहा जो आकांक्षा से रहित हो कर दिया जाता है, उसे दान कहते है। लौकिक यश, प्रसिद्ध के लिए दिया गया दान सही दान नहीं कहा जा सकता है। दान किस वस्तु का दिया जाता है? तो आचार्यो ने कहा जो स्व और पर के लिए हितकारी हो वही वस्तु दान देने योग्य कही गई है। मांस, रक्त आदि का दान दान की कोटि में नहीं आता है।

# मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिह चौहान मनासा में 1245.42 करोड के 13 कार्यो का भूमिपूजन करेंगे

**मुख्यमंत्री व्दारा मनासा में 36.76 करोड के ग्यारह कार्यो का लोकार्पण भी होगा**



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री शिवराज सिह चौहान 7 अगस्ता 2023 को मनासा मां आयोजित विकास पर्व में 1245.42 करोड के विभिन्ना 13 कार्यो का भूमिपूजन कर शिलान्या स करेंगे और 36.76 करोड के विभिन्नड 11 निर्माण कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान 7 अगस्त को मनासा में 1208.89 करोड की रामपुरा मनासा माईक्रो उदवहन सिंचाई योजना का भूमिपूजन कर शिलान्याभस करेंगे। इस योजना के तहत गांधी सागर जलाश्यस के डूब क्षेत्र पर सेमली आंत्री एवं ग्राम बनडा पर दो पम्पिंग स्टेतशनों का निर्माण कर, पाईप लाईन व्दाचरा रामपुरा, मनासा, नीमच एवं जावद तहसील के कुल 215 गावों की 65 हजार 400 हेक्ट्यर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्धव कराई जायेगी। कुल सिंचाई क्षेत्र को तीस-तीस हेक्टेमयर के चक में तथा प्रत्यूेक तीस हेक्टोयर चक को 5-5 हेक्टे यर सब चक में विभाजित कर, सिंचाई के लिए जल उपलब्धा करवाया जायेगा। किसानों की सुविधा के लिए प्रत्ये।क तीस हेक्टेयर के चक पर स्वउचलित आउटलेट मेनेजमेंट सिस्ट म स्थाापित किए जायेगे, जहां से किसानों को निर्धारित दाब से निश्चित मात्रा में सिंचाई के लिए जल उपलब्धी हो सकेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान मनासा में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम में 10 करोड लागत के भादवामाता कोरीडोर, 2.12 करोड के उत्कृनष्ट विद्यालय मनासा में स्टे डियम निर्माण, 2.35 करोड लागत की आत्री माताजी से आत्री खेडा सडक निर्माण, 1.16 करोड की बडकुआ से केशरपुरा सडक निर्माण, 1.45 करोड की घोटापिपलिया से देवरी सोम्याक तक सडक, 1.35 करोड की सोनडी से बुरावन सडक, 1.13 करोड की तलाउ से बच्चोखेडी सडक, 4.40 करोड की मनासा पडदा, कंजार्डा रोड से कंजार्डा बायपास सडक मार्ग, 7.15 करोड लागत की अमृत 2.0 योजना के तहत पेयजल आवर्धन योजना, कायाकल्पड योजना के तहत 1.05 करोड लागत से सीसीरोड एवं डामरीकरण कार्य तथा अमृत योजना के तहत 2.61 करोड लागत की पेयजल आवर्धन योजना का भूमिपूजन कर शिलान्यागस करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिह चौहान मनासा के विकास पर्व कार्यक्रम में 36 करोड 76 लाख की लागत से नवनिर्मित 11 विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे। इनमें 14.18 करोड का रामपुरा रिंग बण्ड सुरक्षा कार्य, 1.78 करोड के मनासा रामपुरा रोड से जयसिह का टाण्डा मार्ग, 2.56 करोड के मोया भदवा मार्ग, 3.36 करोड के चौकडी झरनेश्वपर महादेव सडक मार्ग, 2.62 करोड के नलवा, कुण्डरला मार्ग से ढाणी मार्ग, 1.29 करोड की लागत के जनपद पंचायत भवन मनासा, 3.53 करोड लागत से मनासा कॉलेज में निर्मित 6 नवीन कक्षों, 50 लाख लागत के सामुदायिक स्वारस्य्सड केंद्र मनासा में ब्लानक हेल्थर यूनिट के निर्माण कार्य एवं 52 लाखकी लागत के भाटखेडी से जमुनिया लासुर मार्ग का लोकार्पण भी मुख्येमंत्री श्री चौहान व्दाकरा किया जावेगा।

# मंत्री श्री सखलेचा ने मोरवन में एक करोड की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन डोम का निरीक्षण किया



**नीमच/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश के सूक्ष्मक लघु मध्यखम उद्यम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने शनिवार को जावद क्षेत्र के मोरवन में डाक बंगला के समीप एक करोड रूपये की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं डोम निर्माण कार्य का मौके पर निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मंत्री श्री सखलेचा ने डोम निर्माण की गुणवत्ताि पर विशेष ध्यारन देने और निर्माण कार्य 30 अगस्तम तक पूर्ण करवाने के निर्देश एसडीओ आरईएस को दिए।

मंत्री श्री सखलेचा ने जावद क्षेत्र में विभिन्नख 11 स्थारनों पर ग्रा.या.सेवा विभाग व्दालरा बनाये जा रहे एक-एक करोड की लागत से डोम निर्माण कार्य की प्रगति की भी जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली और निर्देश दिए, कि हर हाल में 30 अगस्तध तक सभी डोम का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाये। मंत्री श्री सखलेचा ने मोरवन के डाक बंगला पर कलेक्टहर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद से चर्चा कर क्षेत्र में विकास कार्यो, निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण करवाने के संबंध में चर्चा की। मंत्री श्री सखलेचा ने क्षेत्र में प्रस्ताटवित कार्यो एवं विकास गतिविधियों के संबंध में कलेक्टचर से चर्चा की। इस मौके पर न.प.सरवानिया के अध्य क्ष श्री रूपेंद्र जैन, श्री अर्जुन माली व अन्यओ जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री राजकुमार हलदर एवं ग्रा.या.सेवा के एसडीओ श्री सचिन शर्मा भी उपस्थित थे।

# पदोन्नत होकर भोपाल स्थानांतरित होने पर कनेश को दी विदाई

## मित्र मण्डल द्वारा भेंट किया गुलदस्ता, सौंपा प्रशस्ति पत्र

**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आईपीएस सुन्दर सिंह कनेश के डीसीपी जोन 4 के पद पर पदोन्नत होकर राजधानी भोपाल स्थानांतरण होने पर वृंदावन ग्रीन्स होटल पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में विधायक दिलीपसिंह परिहार, वरिष्ठ भाजपा नेता सन्तोष चौपड़ा, सांवरिया मित्र मण्डल संरक्षक राकेश अरोरा, समाजसेवी महेश खण्डेलवाल एवं आबकारी अधिकारी आरएन व्यास मंचासीन थे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुवे विवेक खण्डेलवाल ने सुंदरसिंह कनैश के नीमच जिले में एडिशनल एसपी से शुरू सेवा के तीन साल एक माह पन्द्रह दिन में प्राप्त उपलब्धि रुस्तम अवार्ड, राष्ट्रपति अवार्ड, आईपीएस अवार्ड, डीजीसीआर अवार्ड के बाद राजधानी भोपाल पदोन्नत होकर डीसीपी बनने तक के सफर को बताया।

विधायक दिलीपसिंह परिहार ने सब परिस्थितियों को जो लोग देखते हैं वो लोंगो के दिलो में जगह बनाते है। नीमच की माटी की खाशियत है कि आने वाले को स्वीकार करती है, स्नेह देती है और सबका सहयोग लेकर चलती है, कोरोनाकाल में एएसपी कनैश की सेवा की क्षमता को हमने देखा है, पुलिस ड्यूटी के साथ समाज की सेवा भी आपने की है। आप भविष्य में ऊंचाइयां छुवे।

भाजपा नेता सन्तोष चौपड़ा ने कहा कि अपने तीन वर्ष के सेवाकाल मे कनैश ने नीमच में रहकर अपने दायित्वों व कर्तव्यों को बखूबी अंजाम दिया है उनका कार्यकाल अविस्मरणीय है।

सांवरिया मित्र मण्डल के संरक्षक एवं समाजसेवी राकेश अरोरा गंगानगर ने कहा कि आईपीएस सुंदरसिंह कनैश के कार्यकाल को अद्भुत एवं स्वर्णिम बताते हुए सराहना की ओर कहा कि कनेश साहब के कार्य करने की शैली काफी अच्छी थी। पुलिस सहित आमजन के साथ भी आपका व्यवहार काफी अच्छा था। इसी कारण सभी के सहयोग से अपराधों पर नियंत्रण रहा।

आबकारी अधिकारी आरएन व्यास ने कहा कि कनैश सर का स्वभाव व व्यवहार सदैव सभी के लिए सरल, सहज व सुलभ रहा है।

पुलिस अधीक्षक सुंदरसिंह कनैश द्वारा आमजन के साथ समाज से जुड़े लोग, जनप्रतिनिधियों एवं अपने अधीनस्थ अधिकारियों से सेवाकाल के दौरान मिले प्रेम एवं सम्मान को देखकर भावविभोर होते हुए आश्वासन दिया कि मैं नीमच जिले से प्रस्थान कर रहा हूं, लेकिन भविष्य में किसी भी तरह की सलाह एवं सहयोग के लिए बेझिझक होकर मुझसे संपर्क कर सकते हैं।

कनेश ने नीमच के कार्यकाल में मिली उपलब्धियों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। विदाई समारोह के आयोजक विवेक खण्डेलवाल व उनके मित्र मण्डल का कोरोनाकाल व जनहित से जुड़े मुद्दों पर पुलिस का सहयोग करने पर धन्यवाद भी प्रेषित किया।

समारोह में समाजसेवी जम्बूकुमार जैन, निखार गोयल, प्रमोद रामावत ने भी अपने विचार रखे व मधुर गीत व शायरी सुनाई।

इस दौरान सांवरिया मित्र मण्डल के संरक्षक राकेश अरोरा एवं मण्डल के सदस्य अनिल नाहटा, संजय कच्छारा, दानिश अरोरा, कमल कैथवास, दिनेश नलवाया, जॉनी रामनानी आदि द्वारा आईपीएस सुंदरसिंह कनेश को माला पहनाकर, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

समारोह के समापन पश्चात नगर समस्या एवं सुझाव ग्रुप के द्वारा आईपीएस कनेश को कानून व्यवस्था बनाने व बेहतर पुलिसिंग के लिए शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

पुलिस विभाग के टीआई योगेन्द्र सिसोदिया, टीआई करणीसिंह शक्तावत, टीआई अजय सारवान, आरआई विक्रमसिंह, सूबेदार धर्मेन्द्र गौड, स्टेनो भानुप्रतापसिंह ने भी एएसपी कनेश को गुलदस्ता भेंट किया।

समारोह का संचालन विवेक खण्डेलवाल व अंत मे आभार व्यक्त करते हुवे महेश खण्डेलवाल ने कहा कि समारोह जरूर है पर मूल बात यह कि हमारी यादगारे जो मजबूती से आपके साथ जुड़ गई है उसे स्मरण करने का भी एक समारोह था।

समारोह में राजेन्द्र खण्डेलवाल, कमल एरन, प्रिंसिपल एनके डबकरा, वरुण खण्डेलवाल, डॉ अशोक जैन, मनीष चमड़िया, आदित्य भण्डारी, दीपक सिंहल, अनूप मंगल, स्वप्निल वधवा, मनोज दुआ, धीरेंद्र व्यास, नीलेश पाटीदार, दीपक असनानी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 21 करोड़ की लागत की शामगढ़ स्टेशन विस्तार योजना का प्रधानमंत्री मोदी करेंगे वर्चुअली शिलान्यास




**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के शामगढ़ स्टेशन में 21 करोड़ 60 लाख रूपए की लागत से विस्तारीकरण सहित अन्य विकास कार्य होंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को वर्चुअली 500 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास व कई स्टेशनों के विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि रेलवे को इंफ्रास्ट्रक्चर व अधोसंरचना के उन्नयन हेतु भारतीय रेलवे निरंतर प्रतिबद्ध है। बता दें कि इस साल के बजट में मध्य प्रदेश को 13.607 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड आवंटन मिला है। प्रदेश के लगभग 80 स्टेशनों को विश्वस्तरीय अमृत भारत स्टेशनों के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई। रतलाम मंडल के 16 स्टेशन को इसमें सम्मिलित किया गया था। जिसमें मंदसौर व नीमच स्टेशन भी शामिल हैं। अगले चरण में मंदसौर व नीमच के स्टेशनों का भी नवीनीकरण किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम शामगढ़ स्टेशन पर 6 अगस्त को प्रातः 9.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद गुप्ता के साथ कैबिनेट मंत्री हरदीपसिंह डंग, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# 90 दिन हो गए नपा में पीआईसी की बैठक नहीं हुई, कैसे होंगे 45 दिनों में नामांतरण-बंसल

**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** नपा परिषद की पीआईसी की बैठक 90 दिन में भी नहीं हुई। पार्षद सुनील बंसल ने कहा कि मेरे द्वारा जो मांग की गई थी कि 45 दिन में नामांतरण होना चाहिये। नगर पालिका परिषद को इस पर विचार कर समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए। नगर पालिका सीएमओ, भाजपा की परिषद होने के बाद भी भाजपा के विधायक और वरिष्ठ नेताओं के सुझाव को भी आज तक अमल में नहीं लाया गया। जनता को अनावश्यक रूप से भटकाने और वरिष्ठों की बात की धज्जियां उड़ाते हुए नगरपालिका के अध्यक्ष व सीएमओ ने 90 दिन हो गए पीआईसी की मीटिंग तक नहीं बुलाई तो जनता के नामांतरण 45 दिन में कैसे होंगे ?

# विद्युत ट्रांसफार्मर से आईल चोरी के मामले में एक आरोपी पकड़ाया, एक फरार



**मंदसौर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अलग-अलग जगह के 06 ट्रांसफार्मर से आईल चुराने वाले गिरोह को दलौदा थाना पुलिस ने पकड़ा है। मामले में 850 लीटर आईल को 15 केनो मे भरकर सरसौद मगरे में छुपाया था, जिसे जब्त किया गया। घटना में प्रयक्त पिकअप वाहन एमपी 37 जीए 2832 भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार छह अलग-अलग शिकायत प्राप्त हुई थी। इसमें अनुसंधान के दौरान माल मुल्जिम की पतारसी हेतु टीम गठन किया गया। सउनि नरेंद्र मकवाना को मुखबिर सूचना मिली की कोई बाहर का व्यक्ति सरसोद मगरे के आसपास पीकप लेकर घुम रहा है शंका है की विगत दिनो मे क्षैत्र मे हुई ट्रांसफार्मर से आईल चोरी की घटना उक्त व्यक्ति द्वारा ही की गई है। पिकअप को सरसोद फाटक के पास रोका ओर उक्त पीकप के ड्रायवर से नाम पता पुछते उसने अपना नाम कृष्णा पिता प्रकाश निनामा जाति भील उम्र 22 साल निवासी ग्राम भिडावद थाना बडनगर उज्जैन का होना बताया। उक्त व्यक्ति से पुछताछ करते उक्त द्वारा बताया गया की दिनांक 31 जुलाई को रात्रि में मैंने व मेरे साथी शंकरलाल पिता भेरु निनामा निवासी ग्राम आमलीपाडा थाना बिलपांक जिला रतलाम ने इस क्षैत्र में 06 विद्युत ट्रांसफार्मर से आईल चोरी किया था चोरी किये गये आईल की 15 केने सरसौद मगरे पर छुपाकर छुपाकर चले गये थे। वही केने लेने के लिये आज आया था। आरोपी कि निशादेही से सरसौद मगरे से चोरी गये छह ट्रांसफार्मर से कुल 850 लीटर आईल की 15 केने विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# जावद के विद्यार्थी तकनीकी के क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं रहे- श्री सखलेचा

**जनकपुर में मंत्री श्री सखलेचा ने किया छात्र-छात्राओं से संवाद**

**नीमच। (सतीश सैन)/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले की जावद विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर-मोरवन में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु, मध्यउ, उद्यम तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा, कि जावद क्षेत्र के विद्यार्थी तकनीकी के क्षेत्र में किसी से भी पीछे नहीं रहे। यह प्रयास किया जा रहा है। उन्होाने कहा कि जावद क्षेत्र के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की कक्षाएं संचालित की जा रही है। इस कक्षाओं के माध्य म से सभी छात्र-छात्राएं बड़े ही उत्साह के साथ अध्यापिन कर रहे हैं। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा, कि कुछ ही दिनों में जनकपुर के विद्यालय के स्मार्ट बोर्ड पर एनिमेशन की कक्षाएं भी संचालित की जाएगी। जावद क्षेत्र के सभी विद्यालयों में स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से पढ़ाई हो रही है। जावद क्षेत्र के शासकीय विद्यालय किसी भी प्राइवेट विद्यालय से बहुत आगे हैं। उन्होकने कहा कि हमारा प्रयास है, कि छात्र-छात्राएं 12वीं कक्षा उर्त्तीटण करने के पश्चात आत्मनिर्भर बने तथा उनकी पढ़ाई का खर्च वे स्वयं एनिमेशन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ऑनलाइन कार्य करके अपना खर्च निकाल सके। ऐसा हमारा प्रयास है। उन्हो ने कहा? कि इसके लिए छात्र-छात्राओं को बहुत ही मन लगाकर के पढ़ना होगा और अच्छे परिणाम देने होंगे। मंत्री श्री सखलेचा ने कहा, कि आपके पास मोबाइल के रूप में तकनीकी साधन है, इसका अधिकाधिक उपयोग अपनी पढ़ाई और अच्छे कार्यों में करेंगें, तो निश्चित ही बहुत आगे बढ़ सकते हैं। इस अवसर पर सरवानिया नगर परिषद अध्यक्ष सर्वश्री रूपेंद्र जैन, अर्जुन माली, जसवंत बंजारा, जनकपुर सरपंच किशोर पाटीदार, दडोली सरपंच प्रवीण नागोरी, कुंडला सरपंच उगम सिंह राजपूत, नीलिया सरपंच श्री अर्जुन जाट एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर मोरवन के सभी स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालक शिक्षक श्री जी.एल.धनगर ने किया।

# सम्पादकीय

## राहुल की बहाल संसद सदस्यता

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी की गुजरात की निचली अदालत द्वारा दी गई दो साल की सजा पर रोक लगाकर एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि भारत का पूरा लोकतान्त्रिक तन्त्र केवल संविधान से ही चलेगा और इसमें जहां भी किसी प्रकार की खामी होगी उसकी तसदीक मुल्क की सबसे बड़ी अदालत सिर्फ कानूनी नुक्तों से ही करेगी। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों ने निचली अदालत द्वारा श्री राहुल गांधी को 'मोदी' उपनाम वाले कुछ व्यक्तियों को बेइमान या चोर बताने के वक्तव्य को इस समुदाय के लोगों की तौहीन बताने सम्बन्धी याचिका पर अपना जो फैसला दिया था कि ऐसा करने वाले को सम्बन्धित कानून में जो अधिकतम दो वर्ष की सजा का प्रावधान है उसे लागू किया जाये, रोक लगा दी है। इसके लागू होते ही 24 घंटे के भीतर श्री गांधी की लोकसभा सदस्यता चली गई और कुछ दिनों बाद उनसे सरकारी आवास भी खाली करा लिया गया। नियम भी यही कहता था, परन्तु सर्वोच्च न्यायालय ने अपना निर्णय देते हुए कुछ महत्वपूर्ण कानूनी सवाल उठाये हैं। पहला सवाल यह है कि श्री गांधी अपनी सजा पर रोक लगवाने के लिए गुजरात उच्च न्यायालय तक गये मगर वहां भी उनकी सजा बरकरार रही। मजिस्ट्रेट व न्यायाधीश ने लम्बे-लम्बे निर्णय तो दिये मगर यह नहीं बताया कि तौहीन करने के लिए राहुल गांधी को अधिकतम सजा क्यों दी गई ? जबकि सजा में अगर एक दिन भी कम होता तो उनकी लोकसभा सदस्यता नहीं जाती। अधिकतम सजा देने का कोई कारण निचली अदालत व न्यायालय नहीं बता सका। साथ ही विद्वान न्यायाधीशों ने श्री राहुल गांधी को उनके द्वारा मोदी सम्बन्धी दिये गये वक्तव्य को भी सदाचार की श्रेणी में नहीं रखा और कहा कि कटुता परक वक्तव्यों से बचा जाना चाहिए। एक प्रकार से न्यायमूर्तियों ने वर्तमान राजनैतिक विमर्श के गिरते स्तर का संज्ञान ही लिया। बेशक श्री राहुल गांधी पर अभी मुकदमा समाप्त नहीं हुआ है मगर उनकी सजा पर रोक लगाकर सर्वोच्च न्यायालय ने केरल के 'वायनाड' चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा भी की है क्योंकि श्री गांधी इसी क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करते हैं। फैसले में कहा भी गया है कि इस फैसले से मतदाताओं के अधिकार का प्रश्न भी जुड़ा हुआ है। स्वतन्त्र भारत की न्यायपालिका का पूरी दुनिया में भी सम्मान बहुत ऊंचे स्तर का है और यह स्वीकार किया जाता है कि भारत की न्यायपालिका उस संविधान की सबसे बड़ी रक्षक है जिसकी शपथ राष्ट्रपति से लेकर किसी जिले का कलेक्टर अपने पद पर बैठता है और देश की सेना भी इसकी रक्षा करने की शपथ लेती है। हमारे पुरखे यह कोई छोटी सौगात हमें देकर नहीं गये हैं कि हम इसे गिरते राजनैतिक विमर्श के धुएं में उड़ा दें। पूरी दुनिया में यह हमारी विशिष्ट पहचान है। यह हमारी न्यायपालिका की ही ताकत है कि वह एक प्रधानमन्त्री के चुनाव को भी अवैध करार दे सकती है (1975 में इन्दिरा गांधी का चुनाव)। यह हमारी ही न्यायपालिका है जो मनमोहन सिंह के कार्यकाल में केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त के पद पर बैठाये गये व्यक्ति की नियुक्ति को असंवैधानिक घोषित कर सकती है। यह सब इसीलिए है कि हमारा संविधान से चलने वाला देश है और हमारे लोकतन्त्र में न्यायपालिका को स्वतन्त्र दर्जा देते हुए उसे सरकार का हिस्सा नहीं बनाया गया है। सर्वोच्च न्यायालय अपनी इस प्राथमिक जिम्मेदारी से बन्धा हुआ है कि पूरे देश में चाहे सरकार किसी भी राजनैतिक दल की हो मगर शासन संविधान का हो। इस सम्बन्ध में मुझे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के वचन याद आते हैं। बापू मानते थे कि कानून के शासन की जगह 'न्याय का शासन' लोकतन्त्र में 'लोक शासन' स्थापित करने में अधिक प्रभावी होता है क्योंकि कोई कानून गलत भी हो सकता है। श्री राहुल गांधी के मामले में यदि हम गांधी की उक्ति को लागू करें तो स्वतः ही निश्चित निष्कर्ष पर पहुंच जायेंगे। परन्तु न्याय के लिए कुछ लिखित नियमावली की भी जरूरत होती है जिससे प्रताड़ित या प्रभावित व्यक्ति के साथ इंसाफ हो सके। न्याय का व्यावहारिक पक्ष यही है। जाहिर है कि श्री राहुल गांधी की सजा पर रोक के साथ ही उनकी संसद सदस्यता भी उसी तरह बहाल होनी चाहिए जिस तरह यह खत्म हुई थी। चूंकि पूरा मामला अदालती है अतः इसमें राजनीति को बीच में घसीटने का कोई तुक नहीं बनता है। लेकिन एक सन्देश भारत के नागरिकों को सर्वोच्च न्यायालय ने जरूर दिया है कि सार्वजनिक राजनैतिक विमर्श का स्तर ऊपर उठना चाहिए क्योंकि आजकल हम राजनीतिज्ञों के जैसे बयान सुनते हैं उन्हें सुनकर ऐसा आभास होता है कि दो राजनैतिक प्रतिद्वन्द्वी नहीं बल्कि दुश्मन आमने-सामने हों। कड़वी जुबान को खर्च किये बिना भी हास्य-व्यंग्य में भी बहुत सारी बातें अपने विरोधी को तंग करने के लिहाज से कही जा सकती हैं जिसका प्रमाण कभी स्व. पीलू मोदी व अटल बिहारी वाजपेयी रहे थे।

## सहजयोग-शान्ति, आनन्द व प्रेम का महासागर है



पुरातन कालों से ही खोज होती रही, मनुष्य कुछ खोज ही रहा है हर समय। चाहे वो पैसे में खोज ले, चाहे वो सत्ता में खोज ले, वह किसी न किसी खोज की ओर दौड़ रहा है लेकिन उस खोज के पीछे कौन सी प्यास है, ये शायद वो जानता ही नहीं। इसके पीछे सिर्फ आनन्द की खोज है। सारी ही खोजों में ढूंढते ढूंढते जब मनुष्य हार जाता है। और कहीं कुछ मिलता नहीं तो वह धर्म की ओर मुड़ता है और जब धर्म की ओर मुड़ता है तब भी वह बाहर ही खोजता है। कारण यह है कि जो वह खुद है, स्वयं है, वो खोजता है, इसीलिये अपने से मनुष्य भागता है, हर समय अपने से भागता है। दो मिनट अपने साथ बैठ नहीं सकता।......सोचने की बात है कि मनुष्य अपने से इतना जोर से क्यों भागा चला जा रहा है? क्योंकि वह अपने से अपरिचित है, अपने सौन्दर्य से, अपने वैभव से, अपने ज्ञान से और अपने प्रेम से अपरिचित वह आनन्द की खोज बाहर की ओर करते हुए दौड़ रहा है। पर आनन्द तो बाहर है ही नहीं, यह तो अन्दर है, आपमें है, आप स्वयं आनन्द स्वरूप हैं। आप परमात्मा स्वरूप हैं, ऐसा सब लोग कहते हैं। लेकिन सिर्फ बात करने से ही यह बात पूरी नहीं होने वाली है। चाहे हम आपको कहें कि आप निराकार को खोजो, चाहे साकार को खोजो, तो सब बातें ही बातें तो हो गयीं, करोड़ों किताबें लिखी गयीं, हजारों बातें हो गयीं, पर इंसान की खोज का कोई अन्त नहीं। हमारे अस्तित्व की शान्ति, सौन्दर्य एवं गरिमा हमारे अन्तर्निहित है। इसका एक महान सागर हमारे अन्दर है। यह आपका अपना है और अत्यन्त सहज है, आपकी पहुँच में है जो कुछ भी आप करते रहे वह केवल तथाकथित आनन्द, प्रसन्नता, सांसारिक शक्तियों की गरिमा और सांसारिक वस्तुओं के पीछे दौड़ना था। अब इन सब गतिविधियों के विपरीत कार्य करना होगा। आपको अपने अन्तस में झाँकना होगा। सहजयोग, ये परमतत्व का अपना एक तरीका है, यह एक मार्ग है। मानव जाति को उत्क्रान्ति के उस आयाम तक पहुँचाने का एक तरीका है, एक व्यवस्था है जिससे मानव उच्चचेतना से परिचित हो जाये, उस चेतना को आत्मसात कर ले जिसके सहारे ये सारा संसार, सारी सृष्टि और मानव का हृदय चल रहा है। पूरी सतर्कता से स्वयं ही अपने आप होने वाला मानव जीवन का विकास यही सहजयोग है। सहजयोग में आपको सिर नहीं मुँडवाना, नंगे पाँव नहीं चलना, भूखे नहीं रहना और न ही गृहस्थ जीवन का त्याग करना है।.... सहजयोग अति व्यवहारिक है, क्योंकि यह पूर्णसत्य है अतः अपनी सारी शक्तियाँ, सूझ-बूझ और करुणामय प्रेम के साथ आपको अपने विषय में आश्वस्त होना है और जानना है कि हर समय परमात्मा की सर्वव्यापक शक्ति उन्नत होने में आपकी सहायता, रक्षा, मार्गदर्शन, पोषण तथा देखभाल कर रही है। सहजयोग से संबंधित जानकारी निम्न साधनों से प्राप्त कर सकते हैं। यह पूर्णतया निशुल्क है। टोल फ्री नं -1800 2700 800 बेवसाइट? - sahajayoga.org.in

# पार्थिव शिव लिंग पूजन विधि

### धर्म



पं. सतीश नागर
श्री अन्नपूर्णा अनुष्ठान केन्द्र
मो. 9753585323

### शास्त्रों की बात जाने धर्म के साथ

पार्थिव शिवलिंग पूजन से सभी कामनाओं की पूर्ति होती है।इस पूजन को कोई भी स्वयं कर सकता है। ग्रह अनिष्ट प्रभाव हो या अन्य कामना की पूर्ति सभी कुछ इस पूजन से प्राप्त हो जाता है।

सर्व प्रथम किसी पवित्र स्थान पर पुर्वाभिमुख या उतराभिमुख ऊनी आसन पर बैठकर गणेश स्मरण आचमन, प्राणायाम पवित्रिकरण करके संकल्प करें। दायें हाथ में जल,अक्षत,सुपारी,पान का पता पर एक द्रव्य के साथ निम्न संकल्प करें।

**संकल्प**

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः श्री मद् भगवतो महा पुरूषस्य विष्णोराज्ञया पर्वतमानस्य अद्य ब्रह्मणोऽहनि द्वितिये परार्धे श्री श्वेतवाराह कल्पे वैवस्वत मन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरतखण्डे जम्बूद्वीपे

आर्यावर्तेक देशान्तर्गते बौद्धावतारे अमुक नामनि संवत सरे अमुक मासे अमुकपक्षे अमुक तिथौ अमुक वासरे अमुक नक्षत्रे शेषेशु ग्रहेषु यथा यथा राशि स्थानेषु स्थितेषु सत्सु एवं ग्रह गुणगण विशेषण विशिष्टायां अमुक गोत्रोत्पन्नोऽमुक नामाहं मम कायिक वाचिक,मानसिक ज्ञाताज्ञात सकल दोष परिहार्थं श्रुति स्मृति पुराणोक्त फल प्राप्तयर्थं श्री मन्महा महामृत्युञ्जय शिव प्रीत्यर्थं सकल कामना सिद्धयर्थं शिव पार्थिवेश्वर शिवलिगं पूजनमह एवं शिव-शक्ती मंत्र जाप करिष्ये।

तत्पश्चात त्रिपुण्ड और रूद्राक्ष माला धारण करे और शुद्ध की हुई मिट्टी इस मंत्र से अभिमंत्रित करे।

ॐ ह्रीं मृतिकायै नमः।

फिर वं मंत्र का उच्चारण करते हुए मिट्टी में जल डालकर ॐ वामदेवाय नमः इस मंत्र से मिलाए।

1. ॐ हराय नमः,
2. ॐ मृडाय नमः,
3. ॐ महेश्वराय नमः

बोलते हुए शिवलिंग,माता पार्वती,गणेश, कार्तिक, एकादश रूद्र का निर्माण करे। अब पीतल,तांबा या चांदी की थाली या बेल पत्र, केला पता पर यह मंत्र बोल स्थापित करे,

ॐ शूलपाणये नमः।

अब ॐ से तीन बार प्राणायाम कर न्यास करे।

संक्षिप्त न्यास विधि

**विनियोगः-**

ॐ अस्य श्री शिव पञ्चाक्षर मंत्रस्य वामदेव ऋषि अनुष्टुप छन्दःश्री सदाशिवो देवता ? बीजं नमःशक्तिः शिवाय कीलकम मम साम्ब सदाशिव प्रीत्यर्थे न्यासे विनियोगः।

**ऋष्यादिन्यासः**

ॐवामदेव ऋषये नमः शिरसि।
ॐअनुष्टुप् छन्दसे नमः मुखे।
ॐ साम्बसदाशिव देवतायै नमः हृदये।
ॐ बीजाय नमः गुह्ये।
ॐनमः शक्तये नमः पादयोः।
ॐशिवाय कीलकाय नमः नाभौ।
ॐविनियोगाय नमः सर्वांगे।

**शिव पंचमुख न्यासः**

ॐ नं तत्पुरूषाय नमः हृदये।
ॐ मम् अघोराय नमःपादयोः।
ॐ शिं सद्योजाताय नमः गुह्ये।
ॐ वां वामदेवाय नमः मस्तके।
ॐ यम् ईशानाय नमःमुखे।

**कर न्यासः-**

ॐ अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ नं तर्जनीभ्यां नमः।
ॐ मं मध्यमाभ्यां नमः।
ॐ शिं अनामिकाभ्यां नमः।
ॐ वां कनिष्टिकाभ्यां नमः।
ॐ यं करतलकर पृष्ठाभ्यां नमः।

**हृदयादिन्यासः-**

ॐ हृदयाय नमः।
ॐ नं शिरसे स्वाहा।
ॐ मं शिखायै वषट्।
ॐ शिं कवचाय हुम।
ॐ वाँ नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ यं अस्त्राय फट्।

**ध्यानम्**

ध्यायेनित्यम महेशं रजतगिरि निभं चारू
चन्द्रावतंसं,रत्ना कल्पोज्जवलागं परशुमृग
बराभीति हस्तं प्रसन्नम।
पदमासीनं समन्तात् स्तुतम मरगणै वर्याघ्र कृतिं
वसानं,विश्वाधं विश्वबन्धं निखिल भय हरं
पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रम्।

प्राण प्रतिष्ठा विधि

**विनियोगः-**

ॐ अस्य श्री प्राण प्रतिष्ठा मन्त्रस्य ब्रह्मा

विष्णु महेश्वरा ऋषयः ऋग्यजुः सामानिच्छन्दांसि प्राणख्या देवता आं बीजम् ह्रीं शक्तिः कौं कीलकं देव प्राण प्रतिष्ठापने विनियोगः।

**ऋष्यादिन्यासः**

ॐ ब्रह्मा विष्णु रूद्र ऋषिभ्यो नमः शिरसि।
ॐ ऋग्यजुः सामच्छन्दोभ्यो नमःमुखे।
ॐ प्राणाख्य देवतायै नमःहृदये।
ॐआं बीजाय नमःगुह्ये।
ॐह्रीं शक्तये नमः पादयोः।
ॐक्रौं कीलकाय नमः नाभौ।
ॐविनियोगाय नमःसर्वांगे।

अब न्यास के बाद एक पुष्प या बेलपत्र से शिवलिंग का स्पर्श करते हुए प्राणप्रतिष्ठा मंत्र बोलें।

प्राणप्रतिष्ठा मंत्रः-

ॐआं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं शिवस्य प्राणा इह प्राणाः

ॐ आं ह्रीं क्रों यं रं लं वं शं षं सं शिवस्य

जीव इह स्थितः।

ॐआं ह्रीं क्रौं यं रं लं वं शं षं सं हं
शिवस्य सर्वेन्द्रियाणि,वाङ् मनस्त्वक् चक्षुः
श्रोत्र जिह्वा घ्राण पाणिपाद पायूपस्थानि
इहागत्य सुखं चिरं तिष्ठन्तु स्वाहा।

अब नीचे के मंत्र से आवाहन करें।

**आवाहन मंत्रः-**

ॐभूः पुरूषं साम्ब सदाशिवमावाहयामि, ॐ भुवः पुरूषं साम्बसदाशिवमावाहयामि, ॐ स्वः पुरूषं साम्बसदाशिवमावाहयामि।

अब शुद्ध जल,मधु, गो घृत, शक्कर, हल्दीचूर्ण, रोलीचंदन, जायफल, गुलाबजल, दही से एक-एक कर स्नान कराये, नमः शिवाय मंत्र का जप करता रहे, फिर चंदन, भस्म, अभ्रक, पुष्प, भांग, धतुर, बेलपत्र से श्रृंगार कर नैवेद्य अर्पण करें तथा अब शिव-शक्ती मंत्र का जप करें।

**मंत्र-**

द्यद्य ओम ह्रीं शिव-शक्तीयै प्रसिद प्रसिद ह्रीं नमः द्यद्य

अंत में कपूर का आरती दिखाकर क्षमा प्रार्थना करे और मनोकामना निवेदन कर अक्षत लेकर निम्न मंत्र से विसर्जन करे,फिर पार्थिव को नदी,कुआँ,या तालाब में प्रवाहित करें।

**नमन मंत्रः-**

गच्छ गच्छ गुहम गच्छ स्वस्थान महेश्वर पूजा अर्चना काले पुनरगमनाय च।

भगवान शिव ने मातापार्वती को बताए थे जीवन के ये पांच रहस्य, आप भी जानिए!

भगवान शिव ने देवी पार्वती को समय-समय पर कई ज्ञान की बातें बताई हैं। जिनमें मनुष्य के सामाजिक जीवन से लेकर पारिवारिक और वैवाहिक जीवन की बातें शामिल हैं। भगवान शिव ने देवी पार्वती को 5 ऐसी बातें बताई थीं जो हर मनुष्य के लिए उपयोगी हैं, जिन्हें जानकर उनका पालन हर किसी को करना ही चाहिए-

1. क्या है सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ा पाप

देवी पार्वती के पूछने पर भगवान शिव ने उन्हें मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा धर्म और अधर्म मानी जाने वाली बात के बारे में बताया है। भगवान शंकर कहते है-

**श्लोक-**

नास्ति सत्यात् परो नानृतात् पातकं परम्।।

**अर्थात-** मनुष्य के लिए सबसे बड़ा धर्म है सत्य बोलना या सत्य का साथ देना और सबसे बड़ा अधर्म है असत्य बोलना या उसका साथ देना।

इसलिए हर किसी को अपने मन, अपनी बातें और अपने कामों से हमेशा उन्हीं को शामिल करना चाहिए, जिनमें सच्चाई हो, क्योंकि इससे बड़ा कोई धर्म है ही नहीं। असत्य कहना या किसी भी तरह से झूठ का साथ देना मनुष्य की बर्बादी का कारण बन सकता है।

2. काम करने के साथ इस एक और बात का रखें ध्यान,

**श्लोक-**

आत्मसाक्षी भवेन्नित्यमात्मनुस्तु शुभाशुभे।

**अर्थात-** मनुष्य को अपने हर काम का साक्षी यानी गवाह खुद ही बनना चाहिए, चाहे फिर वह अच्छा काम करे या बुरा। उसे कभी भी ये नहीं सोचना चाहिए कि उसके कर्मों को कोई नहीं देख रहा है।

कई लोगों के मन में गलत काम करते समय यही भाव मन में होता है कि उन्हें कोई नहीं देख रहा और इसी वजह से वे बिना किसी भी डर के पाप कर्म करते जाते हैं, लेकिन सच्चाई कुछ और ही होती है। मनुष्य अपने सभी कर्मों का साक्षी खुद ही होता है। अगर मनुष्य हमेशा यह एक भाव मन में रखेगा तो वह कोई भी पाप कर्म करने से खुद ही खुद को रोक लेगा।

**3. कभी न करें ये तीन काम करने की इच्छा,**

**श्लोक-**

मनसा कर्मणा वाचा न च काङ्क्षेत पातकम्।

**अर्थात-** आगे भगवान शिव कहते है कि- किसी भी मनुष्य को मन, वाणी और कर्मों से पाप करने की इच्छा नहीं करनी चाहिए। क्योंकि मनुष्य जैसा काम करता है, उसे वैसा फल भोगना ही पड़ता है।

यानि मनुष्य को अपने मन में ऐसी कोई बात नहीं आने देना चाहिए, जो धर्म-ग्रंथों के अनुसार पाप मानी जाए। न अपने मुंह से कोई ऐसी बात निकालनी चाहिए और न ही ऐसा कोई काम करना चाहिए, जिससे दूसरों को कोई परेशानी या दुख पहुंचे। पाप कर्म करने से मनुष्य को न सिर्फ जीवित होते हुए इसके परिणाम भोगना पड़ते हैं बल्कि मारने के बाद नरक में भी यातनाएं झेलना पड़ती हैं।

**4. सफल होने के लिए ध्यान रखें ये एक बात**

संसार में हर मनुष्य को किसी न किसी मनुष्य, वस्तु या परिस्थित से आसक्ति यानि लगाव होता ही है। लगाव और मोह का ऐसा जाल होता है, जिससे छूट पाना बहुत ही मुश्किल होता है। इससे छुटकारा पाए बिना मनुष्य की सफलता मुमकिन नहीं होती, इसलिए भगवान शिव ने इससे बचने का एक उपाय बताया है।

**श्लोक-**

**दोषदर्शी भवेत्तत्र यत्र स्नेहः प्रवर्तते। अनिष्टेनान्वितं पश्चेद् यथा क्षिप्रं विरज्यते।।**

**अर्थात-** भगवान शिव कहते हैं कि- मनुष्य को जिस भी व्यक्ति या परिस्थित से लगाव हो रहा हो, जो कि उसकी सफलता में रुकावट बन रही हो, मनुष्य को उसमें दोष ढूंढ़ना शुरू कर देना चाहिए। सोचना चाहिए कि यह कुछ पल का लगाव हमारी सफलता का बाधक बन रहा है। ऐसा करने से धीरे-धीरे मनुष्य लगाव और मोह के जाल से छूट जाएगा और अपने सभी कामों में सफलता पाने लगेगा।

**5. यह एक बात समझ लेंगे तो नहीं करना पड़ेगा दुखों का सामना,**

**श्लोक-**

**नास्ति तृष्णासमं दुःखं नास्ति त्यागसमं सुखम्।**
**सर्वान् कामान् परित्यज्य ब्रह्मभूयाय कल्पते।।**

**अर्थात-** आगे भगवान शिव मनुष्यो को एक चेतावनी देते हुए कहते हैं कि- मनुष्य की तृष्णा यानि इच्छाओं से बड़ा कोई दुःख नहीं होता और इन्हें छोड़ देने से बड़ा कोई सुख नहीं है।

मनुष्य का अपने मन पर वश नहीं होता। हर किसी के मन में कई अनावश्यक इच्छाएं होती हैं और यही इच्छाएं मनुष्य के दुःखों का कारण बनती हैं। जरुरी है कि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं और इच्छाओं में अंतर समझे और फिर अनावश्यक इच्छाओं का त्याग करके शांत मन से जीवन बिताएं।

**हे नाथ!हे मेरे भोलेनाथ! आप बहुत ही दयालु हैं!**

रविवार, 06 अगस्त 2023- क्या कहती है आपकी राशि, आज किसे मिलेगी खुशखबरी, पढ़ें अपना दैनिक राशिफल

**मेष राशि**

**आज का भविष्य-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें। लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**शुभ अंक-06**
**शुभ रंग -पीला**
**उपाय- विष्णु मंत्र का जाप करें।**

**वृषभ राशि**

**आज का भविष्य-**सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

**शुभ अंक - 05**
**शुभ रंग -लाल**
**उपाय-पीपल के वृक्ष की पूजा करें।**

**मिथुन राशि**

**आज का भविष्य-**नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**शुभ अंक -05**
**शुभ रंग-पीला**
**उपाय-पीले फल का भोग लगाएं।**

**कर्क राशि**

**आज का भविष्य-** धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**शुभ अंक- 02**
**शुभ रंग-लाल**
**उपाय- पीला वस्त्र धारण करें।**

**सिंह राशि**

**आज का भविष्य -** सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**शुभ अंक- 04**
**शुभ रंग-लाल**
**उपाय:पीला चंदन लगाएं।**

**कन्या राशि**

**आज का भविष्य** -ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे।

**शुभ अंक - 08**
**शुभ रंग- सतंरी**
**उपाय- गाय को रोटी खिलाएं।**

**तुला राशि**

**आज का भविष्य-**पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**शुभ अंक -04**
**शुभ रंग-संतरी**
**उपाय- गरीबो को दान दें।**

**वृश्चिक राशि**

**आज का भविष्य-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**शुभ अंक-09**
**शुभ रंग -लाल**
**उपाय- विष्णु जी की उपासना करें।**

**धनु राशि**

**आज का भविष्य-** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्च?ाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देंगे।

**शुभ अंक-03**
**शुभ रंग -पीला**
**उपायः सूर्य को जल अर्पित करें।**

**मकर राशि**

**आज का भविष्य-** घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**शुभ अंक- 04**
**शुभ रंग -पीला**
**उपाय- धी के दीपक जलाएं।**

**कुंभ राशि**

**आज का भविष्य-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सुख के साधनों पर व्यय होगा। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन? मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**शुभ अंक - 01**
**शुभ रंग - लाल**
**उपाय- पीले या लाल फूल मंदिर में रखें।**

**मीन राशि**

**आज का भविष्य** -वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे।

**शुभ अंक -05**
**शुभ रंग - पीला**
**उपाय-पंचामृत से लड्डू गोपाल का अभिषेक करें।**


**सदैव प्रसन्न रहिये।**
**जो प्राप्त है, पर्याप्त है।।**

# अमेरिका के खिलाफ पुतिन, सी जिनपिंग और किम जोंग उन की गुप्त न्यूक्लियर साझेदारी?

### (तीनों देशों की हरकतों से अमेरिका आशंकित)

रूस यूक्रेन युद्ध को 18 माह से ज्यादा हो चुके हैंद्य यूक्रेन द्वारा मास्को में बड़े ड्रोन अटैक के बाद पुतिन प्रशासन पूरा हिल गया है। इसके अलावा यूक्रेन मिसाइल से रूसी युद्धपोत पर हमले से रूस की सेना घबरा गई हैद्य इतने दिनों के युद्ध के बाद भी यूक्रेन युद्ध से पीछे हटने को बिल्कुल तैयार नहीं है और अमेरिका ,ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया तथा अन्य देशों की सामरिक मदद से यूक्रेन और बलशाली हो गया है वह लगातार काउंटर अटैक यूरोप की सेना पर कर रहा है। रूसी सेना यूक्रेन के सामने कई मोर्चों में कमजोर दिखाई देने लगी है। इसमें दो मत नहीं के रूस ने यूक्रेन को कमतर आंक कर बहुत बड़ी भूल की है यूक्रेन लगातार युद्ध मैं डटा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार रूस और यूक्रेन के युद्ध के बीच पूरी दुनिया के सामने कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आई हैं जिससे न केवल अमेरिका की मुश्किलें बढ़ा दी हैं बल्कि सभी पश्चिमी देशों को गहन चिंता में डाल दिया है। उत्तर कोरिया के विक्ट्री डे उत्सव मनाने के दौरान रूस के रक्षा मंत्री सरगई शोइगू और चीन की महत्वपूर्ण कम्युनिस्ट पार्टी के सीनियर सदस्य ली होंग जोंग मौजूद नजर आए। यह तो तय है कि पुतिन, शी जिनपिंग और किम योंग के बीच अमेरिका तथा यूक्रेन के खिलाफ नई खिचड़ी पक रही है। तीनों के बीच नई न्यूक्लियर साझेदारी गुप्त रूप से की गई है जो निसंदेह अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के लिए बड़ा खतरा बन सकती है।

एजेंसियों द्वारा बताया गया कि उत्तरी कोरिया के अधिकारिक भवन में वहां के तानाशाह किम के साथ पुतिन के बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा इस नॉर्थ कोरिया के विजय दिवस पर मिसाइल का परीक्षण भी किया गया एवं पुतिन के दाया हाथ माने जाने वाले रक्षा मंत्री सर्गेई तथा चीन के महत्वपूर्ण प्रतिनिधि ली होंग जोंग की मौजूदगी यूक्रेन तथा अमेरिका के खिलाफ परमाणु संधि को परिणाम देती नजर आ रही है और यह गुप्त संधि अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के खिलाफ परमाणु युद्ध की एक बड़ी चेतावनी भी है। अब ऐसा लगने लगा है कि रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध करते हुए 18 माह से ज्यादा बीत जाने के पश्चात रूस को अपनी कमजोरियों का एहसास होने लगा है। रूस की जनता भी अब इस लंबे युद्ध से ऊब चुकी है पुतिन के सैन्य अधिकारी तथा सेना भी युद्धविराम चाहती है पर पुतिन की जिद के कारण उन्हें युद्ध में अपनी जान गंवानी पड़ रही है। रूस को अपनी युद्ध में कमजोरियां साफ नजर आ रही है और यही वजह है कि रूस अब दुनिया से मदद की अपेक्षा करने लगा है खासकर उन देशों से जिनकी विशिष्ट पहचान अमेरिका तथा पश्चिमी देशों से कट्टर दुश्मन के तौर पर होती है। रूस की योजना के अनुसार रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया यूक्रेन के खिलाफ जंग में अमेरिका के खिलाफ भी एकजुट होने की कोशिश कर रहे हैं। यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है की तीनों परमाणु शक्ति संपन्न देश अमेरिका द्वारा यूक्रेन को मदद करने कि प्रतिक्रिया के फल स्वरुप यूक्रेन तथा अमेरिका पर कभी भी परमाणु आक्रमण कर सकते हैं। इसकी वजह एकदम साफ है की जब यूक्रेन ने मास्को में एक के बाद एक कई ड्रोन अटैक करके राजधानी में हड़कंप मचा दिया है। इससे यह साफ नजर आता है की रूस की खुफिया एजेंसियों कि यह बड़ी असफलता ही है इसके अलावा मास्को की सुरक्षा के लिए लगाए गए डिफेंस सिस्टम भी इस आक्रमण के खिलाफ कुछ नहीं कर सके थे। अब यह वैश्विक स्तर पर माना जाने लगा है की यूक्रेन की हिम्मत के सामने रूस की ताकत बहुत कमजोर पड़ती नजर आ रही है। डेढ़ साल के रूस यूक्रेन युद्ध में रूस की अर्थव्यवस्था की स्थिति कमजोर पड़ गई है। उसका आवश्यक वस्तुओं का निर्यात ,उत्पादन एकदम कम हो गया है। अमेरिका तथा नाटो देशों ने रूस के निर्यात तथा विदेशी आर्थिक नीतियों पर कड़े नियंत्रण तथा विरोध के कारण अब रूस की जीडीपी काफी नीचे आ गई है। रूस में वैगनर ग्रुप द्वारा विद्रोह किए जाने के फल स्वरुप भी वैश्विक स्तर पर रुस के खिलाफ एक बड़ा संदेश दिया गया है कि पुतिन अपनी सेनाओं तथा नागरिकों पर नियंत्रण करने में धीरे-धीरे असफल हो रहे हैं और यही कारण है कि रूस अमेरिका यूक्रेन तथा पश्चिमी देशों के खिलाफ अपने मित्र की ताकत की खोज में नॉर्थ कोरिया और चीन की तरफ काफी आशा भरी निगाहों से देख रहा है। रूस ने इस कल्पना के साथ की वह यूक्रेन को 1 माह के युद्ध में परास्त कर देगा युद्ध की शुरुआत की थी पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और उसकी सेना के हौसले तथा अमेरिकी एवं नाटो देशों के आर्थिक सामरिक सहयोग से यूक्रेन पूरी ताकत तथा हौसले के साथ इस युद्ध का सामना किया है। यह अलग बात है कि यूक्रेन पूरी तरह इस युद्ध में बर्बाद हो चुका है और हजारों सैनिकों की बलि चढ़ा चुका है। इसी तरह रूस भी अरबों रुपए के नुकसान पर खड़ा है एवं उसके भी हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं। पूरे विश्व में केवल भारत ही एक ऐसा देश है जो आगे बढ़कर रूस यूक्रेन युद्ध को रोककर विश्व को शांति का संदेश दे सकता हैअन्यथा यदि चीन रूस और नॉर्थ कोरिया यूक्रेन तथा अमेरिका और पश्चिमी देशों के खिलाफ न्यूक्लियर हमला करता है तो विश्व युद्ध होने की संभावना है बलवती हो जाती हैं और अंतर्राष्ट्रीय शांति को बड़ा खतरा हो सकता है।



-संजीव ठाकुर

राम मंदिर पर किया गया खर्च वेस्ट

# मासूमों को ऐसा पाठ पढ़ा रहा था किंग जॉर्ज स्कूल का शिक्षक

**हंगामे के बाद स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक शिक्षिका को हटाया »»धर्म विशेष के प्रति प्रेरित करने पर सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी व अभिभावक पहुंचे थाने »»किंग जॉर्ज स्कूल में भी हिंदूवादी संगठनों ने किया जमकर प्रदर्शन, स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक-शिक्षिका को निकाला**








**देवास/राजेन्द्र सिंह पंवार/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में एक के बाद एक स्कूलों में विद्यार्थियों को एक धर्म विशेष के लिए प्रेरित करने के मामले सामने आ रहे हैं। गत दिवस जहां होली ट्रिनिटी स्कूल में बच्चों को तिलक लगाने व कलावा बांधने से रोकने के मामले में हंगामा हुआ था, तो वहीं शनिवार को मिश्रीलाल नगर स्थित किंग जॉर्ज स्कूल में ऐसा एक मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। शनिवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे स्कूल में पढ़ने वाले कक्षा 9 वीं के सैकड़ों विद्यार्थी शोर मचाने लगे तथा एक शिक्षक व शिक्षिका को लेकर शिकायत दर्ज कराने लगे। विद्यार्थियों द्वारा हंगामा किए जाने के बाद स्कूल परिसर में ही जय श्री राम के नारे लगने लगे और देखते ही देखते यहां विद्यार्थियों के अभिभावक तथा हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ता पहुंच गए। हंगामा होते देख स्कूल प्रबंधन ने मामले की जानकारी ली तो बच्चों ने स्कूल की प्राचार्य अलका कनौजिया को जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राचार्य ने जहां स्कूल में शिक्षक-शिक्षिका द्वारा इस तरह की गतिविधि संचालित करने की शिकायत मिलते ही दोनों शिक्षक-शिक्षिका को स्कूल से बाहर का रास्ता दिखा दीया इतने पर भी लगभग 300 से अधिक विद्यार्थी व उनके अभिभावक औद्योगिक क्षेत्र थाना पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाला एक आवेदन प्रस्तुत किया। उधर थाने में करीब एक घंटे तक विद्यार्थी, उनके अभिभावक व हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने किंग जॉर्ज स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने आवेदन लेने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## क्या है धार्मिक एजेंडे का मामला

जिस तरह होली ट्रिनिटी स्कूल में हिंदू संस्कृति से जुड़े मामले में विद्यार्थियों को तिलक लगाने व कलावा बांधने से मना करते हुए सख्ती दिखाई गई थी और हंगामा हुआ था, ऐसे ही किंग जॉर्ज स्कूल में धार्मिक एजेंडा चलाने का मामला सामने आया है। किंग जॉर्ज स्कूल में कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुंचकर पत्रकारों के समक्ष बताया कि उनके स्कूल के शिक्षक सुधांशु सर तथा सोनी मैडम हिंदू धर्म के खिलाफ हमेश बातें करते हैं। साथ ही सुधांशु सर कहते हैं कि राम मंदिर निर्माण में जो खर्च किया जा रहा है, वह वेस्ट आफ मनी है। हर संडे को चर्च जाना चाहिए। वहीं पढ़ाई करना चाहिए। वहां कोई तुमसे यह नहीं पूछेगा कि तुम किस धर्म के हो। इस तरह की बातें जब हद से ज्यादा की जाने लगी तो विद्यार्थियों ने इसका विरोध किया और शनिवार को जब हद से ज्यादा बातें की जाने लगी, तो विद्यार्थियों ने विरोध करते हुए स्कूल में हंगामा मचा दिया। साथ ही जय श्री राम के नारे भी लगाए।

(क्या कहना है थाना प्रभारी का औद्योगिक क्षेत्र थाने पर किंग जॉर्ज स्कूल के विद्यार्थियों ने एक आवेदन सौंपा है, जिसमें उन्होंने इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जब इस संबंध में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि किंग जॉर्ज स्कूल के विद्यार्थी, उनके अभिभावक व अन्य संगठन के कुछ लोगों ने एक आवेदन सौंपा है। अभी हम उस आवेदन पर जांच करेंगे। तथ्य व साक्ष्य के आधार पर यदि कोई इसमें दोषी पाया जाता है तो भारतीय दंड संहिता के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।)

(हिंदू संस्कृति के हिसाब से शिक्षा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य शहर के स्कूलों में धार्मिक एजेंडा चलाए जाने को लेकर जब भाजपा के जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि मुझे आपके माध्यम से तथा सोशल मीडिया पर आए कुछ वीडियो के माध्यम से जानकारी लगी है। निश्चित रूप से यह बहुत गंभीर मामला है। किसी भी स्कूल में इस तरह का धार्मिक एजेंडा गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार है और प्रदेश में शिवराजसिंह चौहान की भाजपा सरकार है। हमारा लक्ष्य हिंदू संस्कृति के हिसाब से बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराना है। यदि स्कूलों में इस तरह किसी धर्म विशेष को लेकर बच्चों को पाठ पढ़ाया जा रहा है, तो वह निंदनीय है और निश्चित रूप से इस मामले में कार्रवाई होना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल) (क्या कहना है स्कूल प्राचार्य का किंग जॉर्ज स्कूल में हुए हंगामे और मामला थाने तक पहुंचने को लेकर जब स्कूल प्राचार्य अलका कनौजिया से चर्चा की गई, तो उन्होंने बताया कि शिक्षक-शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया है।)( हिंदू संगठनों ने संभाला मोर्चा किंग जॉर्ज स्कूल में हुए इस मामले की जानकारी जैसे ही हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं को लगी तो बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद सहित संस्था राम-राम के संस्थापक शैलेंद्रसिंह पंवार, जितेंद्र रघुवंशी, रविराज चौहान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पहले स्कूल पहुंचे, जहां उन्होंने अपनी नाराजगी व्यक्त की और फिर औद्योगिक क्षेत्र थाने पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इन कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों के साथ एक आवेदन थाने पर सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। )

## यात्रा के चौथे दिन 70 वाहनों से यात्रा कराई, 120 किलोमीटर क्षेत्र में फैले सभी द्वारपालों के दर्शन कराए



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** विवेक यादव द्वारा निकाली जा रही चौरासी महादेव, नो नारायण, सप्त सागर यात्रा में 5 अगस्त को चतुर्थ दिवस पर आस्था का सैलाब उमड़ा। सभी माता बहनों को 84 महादेव अंतर्गत द्वारपाल कहे जाने वाले महादेव मंदिरों के दर्शन कराए गए सभी माता बहनों को लगभग 70 से अधिक वाहनों में बैठाकर 120 किलोमीटर में फैले हुए महादेव मंदिरों के दर्शन कराएं। महादेव यात्रा के साथ भगवान महाकालेश्वर और शिप्रा मैया का आशीर्वाद पूरी तरह से बना हुआ है। दूसरे दिन की यात्रा के दौरान जब शिप्रा नदी से यात्रा प्रारंभ की गई थी तब छोटे पुल पर 2 फीट तक पानी ऊपर बह रहा था जैसे ही यात्रा निकलने लगी ऐसा लगा मानो दर्शनार्थियों के लिए शिप्रा मैया ने रास्ता बना दिया है उनका जो रूद्र रूप चल रहा था वह शांत होकर उतरने लगा। सभी माता बहनें आराम से पुल पार कर अगले मंदिरों के लिए निकलती रही। 5 अगस्त को यात्रा अपने चौथे दिन में हजारों महिलाओं के साथ क्षिरसागर मैदान से प्रारंभ की गई। अतिथि के रुप में अनंतनारायण मीणा, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, पार्षद गण सपना सांखला, छोटेलाल मंडलोई, अभिषेक शर्मा, ओमप्रकाश रामी, कांग्रेस नेता सुनील कछवाय, जैन समाज से स्नेहलता सोगानी, आलोक पाटनी, अशोक जाट, बबलू खिंची, अजय यादव, पुनीत रिछारिया आदि उपस्थित रहे।

## महिदपुर में ऊर्जीकृत हुआ 50 एम.व्ही.ए. पावर ट्रांसफार्मर

**उज्जैन जिलें की विद्युत पारेषण व्यवस्था को मिली सुदृढ़ता**



**खाचरोद/दैनिक मालवा हैराल्ड /मुरलीदास बैरागी।** उज्जैन एम.पी. ट्रांसको (म.प्र. पावर ट्रांसमिशन कंपनी) ने उज्जैन जिले के 132 के.व्ही. सबस्टेशन महिदपुर में एक 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमनसिंह तोमर ने बताया कि महिदपुर क्षेत्र में कृषि व घरेलू उपभोक्ताओं की विद्युत की बढ़ती मांग के मद्देनजर एम.पी. ट्रांसको ने सबस्टेशन की क्षमता वृद्धि करते हुये 50 एम.व्ही.ए. क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया है। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित हो जाने से महिदपुर सबस्टेशन की क्षमता बढ़कर 110 एम.व्ही.ए. हो गई है मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमनसिंह तोमर ने बताया कि लगभग 5.76 करोड़ रूपये की अनुमानित लागत से स्थापित इस ट्रांसफार्मर को इंदौर स्काडा सेंटर से रिमोट टेक्नालॉजी के माध्यम से ऊर्जीकृत करने में सफलता हासिल हुई है श्री तोमर ने बताया कि इस क्षमता वृद्धि से उज्जैन जिले की पारेषण क्षमता को सुदृढ़ता प्रदान हुई है इससे उज्जैन जिले में महिदपुर बंजारी खेड़ामददा रूद्रपुर कुंडीखेडा चोरवासा? नारायणा से जुडे विद्युत उपभोक्ताओं को काफी फायदा पहुँचेगा अब उन्हे उचित वोल्टेज पर गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध रहेगी? ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युमनसिंह तोमर ने इस सफलता के लिये एम.पी. ट्रांसको के कार्मिकों को बधाई दी है उज्जैन जिले में पहली बार रिमोट से हुआ ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत एम.पी. ट्रांसको उज्जैन के अधीक्षण अभियंता श्री अनिल सक्सेना ने बताया कि इंदौर से एच.एम.आई (हयूमन मशीन इंटरफेस) तकनीक का उपयोग करते हुये कम्प्यूटर का माउस क्लिक कर 125 किलोमीटर दूर माहिदपुर में इस ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया उज्जैन जिले में इस तकनीक का उपयोग पहली बार किया गया है इस तकनीक में मानव और कम्प्यूटर मशीनों के तालमेल से सबस्टेशनों के उपकरणों को नियंत्रित और संचालित किया जाता है? 77825 एम.व्ही.ए. हो गई है ट्रांसको की कुल स्थापित क्षमता एम.पी.ट्रांसको की कुल स्थापित ट्रांसफारमेशन क्षमता बढ़कर अब 77825 एम.व्ही.ए. की हो गई है, जिसमें 400 के.व्ही. में 11095 एम.व्ही.ए., 220 के.व्ही. में 32395 एम.व्ही.ए. तथा 132 के.व्ही. में 34335 एम.व्ही.ए. क्षमता विद्यमान है। एम.पी. ट्रांसको मध्यप्रदेश में अपने 414 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 400 के.व्ही. के 14, 220 के.व्ही. के 88 तथा 132 के.व्ही. के 312 सबस्टेशन शामिल है। एम.पी. ट्रांसको अपने कुल 1005 अति उच्च दाब पावर ट्रांसफार्मरों के माध्यम से प्रदेश में विद्युत आपूर्ति करती है।

## आयुक्त ने क्षिप्रा डेम तथा स्पोर्टस पार्क का निरीक्षण किया



**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा क्षिप्रा डेम व इंटेकवेल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने डेम एवं डेम पर जल वितरण की संचालित व्यवस्थाओ को देखा। निगम सहायक यंत्री जगदीश वर्मा ने डेम के संबंध मे डेम की हाईट, बेक वॉटर की लंबाई एवं डेम के गेट आदि की जानकारी के साथ डेम एवं बेरेज मे जो मेंटनेंस कार्य कराये जाने के संबंध मे अवगत कराया। आयुक्त को सहायक यंत्री ने डेम पर राउंड द क्लॉक कार्यरत कर्मचारियो की जानकारी देते हुए परिचय भी कराया। आयुक्त ने कहा की डेम के गेट के मेंटनेंस कार्य मे सुरक्षा की दृष्टि से एक्सपर्ट टीम रखें, कार्य करते समय सुरक्षा दल उपस्थित रहे साथ ही एनडीआरएफ की टीम को उपस्थित रहने हेतु संबंधित विभाग को पत्र के माध्यम से अवगत करावें। सुरक्षा की दृष्टि से डेम संबंधि जानकारी व सूचना बोर्ड लगवायें जाने हेतु कहा। आयुक्त ने डेम के पास स्थित भूमि पर पौधरोपण भी किया। तत्पश्चात निर्माणाधीन संविधान पार्क के साथ स्पोर्टस पार्क एवं सिटी फारेस्ट पार्क का भी निरीक्षण किया गया। संविधान पार्क मे चल रहे विकास कार्यो के संबंध मे उद्यान प्रभारी दिनेश चौहान ने विस्तृत रूप से जानकारी दी। आयुक्त ने सिटी फारेस्ट की बाउंड्री के आसकृपास बांस के पौधे लगाये जाने हेतु कहा।

## विद्युत मंडल के अधिकारियों की गुंडागर्दी, शिव की नगरी में नहीं हो पाई शिव महापुराण

**कुमावत समाज की धर्मशाला का पिछले महीने तक का बिल जमा था, पुराने पंचनामे के नाम पर लाईट काट गए, देशभर से आए भक्त हुए निराश »»25 हजार जमा किये तब लाईट चालू की, विद्युत मंडल की गुंडागर्दी से आक्रोश**



**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** विद्युत मंडल के अधिकारियों की गुंडागर्दी के चलते धर्म की राजधानी अवंतिका नगरी शर्मशार हो गई। अखिल भारतीय कुमावत समाज की धर्मशाला रामघाट मार्ग पर जहां देशभर के समाजजन, भक्तजन शिव महापुराण की कथा में शामिल होने आए थे वहां विद्युत मंडल के अधिकारी पुराने पंचनामे का हवाला देकर लाईट काट गए, जबकि पिछले माह तक का बिल भरा हुआ था, लेकिन शिव भक्तों के लाखों अनुनय विनय के बाद भी विद्युत मंडल के अधिकारियों ने एक न सुनी और अधिकारी कर्मचारी धर्मशाला की लाईट काट गए जिसके कारण शनिवार को कथा के प्रारंभ दिन में ही कथा नहीं हो सकी।

धर्मशाला में ही भगवान विष्णु के मंदिर के समक्ष शिव पुराण कथा शनिवार 5 अगस्त से 12 से 4 बजे तक होने जा रही थी। समाजजन, भक्तजन कलश यात्रा लेने रामघाट पर गए थे। धर्मशाला में मैनेजर थे, ऐसे में कार्तिक चौक मेला ग्राउंड झोन के विद्युत मंडल के अधिकारी, कर्मचारी पहुंचे मैनेजर ने पिछले महीने तक का बिल भरा होना बताया, विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारियों ने बताया कि पुराना कोई पंचनामा बना है, समाजजनों, भक्तों ने लाखों अनुनय विनय किये अधिकारियों से कहा शिव की कथा होने वाली है, लेकिन अधिकारियों ने गुंडागर्दी करते हुए धर्मशाला की लाईट काट दी। मामले की जानकारी मिलने पर नेता प्रतिपक्ष रवि राय भी मौके पर पहुंचे। रवि राय ने कहा कि न तो धर्मशाला कहीं जा रही थी, न समाजजन, ऐसे में विद्युत मंडल के अधिकारियों की ऐसी गुंडागर्दी के भगवान शिव की नगरी में शिव की कथा ही नहीं होने दी। समाजजनों ने 25 हजार रूपये तत्काल जमा किये जब दोपहर बार बिजली आई लेकिन तब तक मध्यप्रदेश के अलावा राजस्थान सहित देशभर से आए कई समाजजन, भक्त शिव कथा सुने बिना ही चले गए, अधिकारियों ने अवंतिका नगरी को शर्मशार कर दिया। समाज के रणछोड़ लाल कुमावत समाज अध्यक्ष, शंकरलाल कुमावत, भंवरलाल कुमावत, रामचंद्र कुमावत, मनसुखलाल कसेरा सहित समस्त समाजजनों ने बिजली कंपनी के अधिकारियों के इस धृष्टतापूर्ण कृत्य की घोर निंदा की है। जिसके कारण समाज को बिना बात के शर्मशार होना पड़ा। रवि राय ने बताया कि मामले में वरिष्ठ अधिकारियों से बात की है, वहीं इस मामले में सोमवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा।

## आशा पर आकाश थमा है, पार्श्वनाथ की बिजली समस्या थमी हैं आश्वासनों पर



**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** पार्श्वनाथ सिटी के रहवासियों द्वारा सतत 11 दिनों से घरेलू बिजली कनेक्शन की मांग को लेकर कालोनी के मेन गेट देवास रोड पर क्रमिक भूख हडताल की जा रही है। शनिवार को आंदोलन का नेतृत्व महेश उपाध्याय, तरूण सोनी, मनोहर पटेल, डॉ पटेरिया, महेश शर्मा ने किया।

सीनियर सिटीजन डॉ पटेरिया व नीरव शाह ने बताया कि जहाँ एक और जनप्रतिनिधि व प्रशासन हमारी समस्या व परेशानी की गंभीरता को समझते हुए बिजली समस्या को शीघ्र हल करना चाहते हैं। वही म.प्र विद्युत वितरण कंपनी पार्श्वनाथ डेवलपर्स के 12 साल से झूठे आश्वासनों के बल पर हमारी समस्या की गंभीरता को नही समझ रहे हैं। डॉ पटेरिया ने कहा कि मैंने अपने 70 साल के जीवन व सेवाकाल में कभी ऐसी लापरवाही व अंधकार नही देखा जो जिंदगी के वानप्रस्थ काल में देखना पड़ रहा है। एक और मुख्यमंत्री प्रदेश में 24 घंटे बिजली देकर समाचार पत्रों में शासन की उपलब्धियां बता रहे हैं वही महाकाल की नगरी में पार्श्वनाथ सिटी के रहवासी अंधेरे - उजाले में अपना जीवन बिताने को मजबूर हैं। 4 अगस्त को सर्किट हाउस में सम्पन्न हई मीटिंग में मंत्री डॉ. मोहन यादव, महापौर मुकेश टटवाल, जिलाधीश कुमार पुरषोत्तम व नगर निगम कमिश्नर रोशनसिंह ने हमारी परेशानी को समझ कर निदान का आश्वासन दिया उससे रहवासी काफी उत्साहित हैं।

## छात्राओं को दिया स्वस्थ जीवन जीने का मूल मंत्र

**छात्राओं को समझाई संतुलित आहार, नियमित व्यायाम की उपयोगिता»» के हित में हुआ चिकित्सकीय परामर्श एवं व्याख्यान का आयोजन**



**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** लोकमान्य टिळक हायर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई एवं विद्या विहार इकाई की छात्राओं के हित में चिकित्सकीय परामर्श एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला चिकित्सक डॉ. जया मिश्र ने छात्राओं को स्वास्थ्य से जुड़ी कई ज्ञानवर्धक जानकारी दी एवं स्वस्थ जीवन जीने के मूल मंत्र को बहुत ही सरल भाषा में छात्राओं को समझाया। जिसके अंतर्गत संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम की उपयोगिता को समझाते हुए। किशोरावस्था से जुड़ी छात्राओं के बाल सुलभ मन की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया। डॉ. जया मिश्र द्वारा छात्राओं से संवाद कायम करते हुए कहा गया की हमें अपनी समस्याओं को अपने माता-पिता से साझा करना चाहिए निडर होकर अपनी बात कहना चाहिए। संचालन शिक्षिका ज्योत्सना मीणा ने किया एवं आभार सुनैना यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर लोकमान्य टिळक न्यास के अध्यक्ष किशोर खंडेलवाल, सीबीएसई स्कूल इकाई के प्राचार्य डॉ. मिलिंद शुक्ल एवं विद्या विहार इकाई के प्राचार्य ज्ञानेंद्र शर्मा एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## भोपाल प्रवास पर सुधीर भाई की केरल राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से हुई आत्मीय मुलाकात

**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** 'अंकित ग्राम', सेवाधाम आश्रम के परोक्ष समाजसेवी मास्टर अंकित गोयल के 39वें जयन्ती पर्व पर 39 दिवसीय 32वें वर्षा मंगल महोत्सव ''अंकितग्राम वर्षा मंगल राष्ट्रोत्सव'' अंतर्गत भोपाल प्रवास के दौरान अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम संस्थापक सुधीर भाई गोयल ने केरल के राज्यपाल माननीय आरिफ मोहम्मद खान से सौजन्य भेंट कर खादी संग वस्त्रम से सम्मानित किया। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. एच.आर. नागेन्द्र कुलाधिपति एस. व्यासा विश्वविद्यालय, बैंगलूरू एवम् संस्थापक स्वामी विवेकानन्द योग अनुसंधान संस्थान, बैंगलूरू, अरविन्द चंजेरी संस्था उपाध्यक्ष एवं सदस्य एकेडमीक कांउसिल एस व्यासा विश्वविद्यालय, बैंगलूरू विशेष रूप से उपस्थित रहें।

## भाजयुमो महाराजा मंडल ने दी प्रषासनिक अधिकारियों को विदाई




**देवास/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता युवा मोर्चा महाराजा मंडल द्वारा श्रीमंत महाराज विक्रम सिंह पवार के नेतृत्व में सीएसपी विवेक सिंह, डीएसपी किरण शर्मा, बीएनपी थाना टीआई मुकेश इजारदार के स्थानांतरण पर सम्मान कर विदाई दी। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी, मुस्तफा अहमद पार्षद, श्रीकांत खरे, गोविंद ठाकुर, राहुल मकवाना, राजेंद्र सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## धर्म का खाने वाला दुर्गति में जाता है तो धर्म से खाने वाला सद्गति को- मुनिश्री




**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** दान धर्म का मत खाओ क्योंकि दान का धर्म का द्रव्य सेवन करने वाला नियम से दुर्गति को ही प्राप्त करता है, श्रावक को दान तो देना चाहिये लेकिन दान प्राप्त धन या किसी अन्य सामग्री को आपने अपने स्वयं के लिए सेवन किया तो वह निर्माल्य है और निर्माल्य का सेवन करने वाला व्यक्ति निश्चित ही साठ हजार वर्ष तक विष्ठा में कीड़ा बनता है। इसलिए प्रत्येक श्रावक को उस निर्माल्य का सेवन करने से अवश्य ही बचना चाहिये।

ये उद्गार श्रमणाचार्य श्री विशुध्दसागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य मुनिश्री सुप्रभसागरजी महाराज ने शनिवार को आदिनाथ दि. जैन मंदिर ऋषिनगर में प्रतिदिन चल रही रयणसार ग्रंथ की प्रवचनमाला के दौरान व्यक्त किये। मीडिया प्रभारी प्रदीप झांझरी ने बताया कि धर्मसभा में मंगलाचरण करने का सौभाग्य महक जैन एवं खुशी जैन विदिशा को प्राप्त हुआ तो आचार्यश्री के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन का अवसर भोपाल, इंदौर, विदिशा एवं अमरावती से आये अतिथियों ने प्राप्त किया। मुनिश्री का बहुचर्चित कार्यक्रम समीचीन विकल्पों का सम्यक समाधान प्रतिदिन शाम को 5.15 पर यूट्यूब चैनल सुप्रभ उवाच के माध्यम से प्रसारित होता है जिसमें श्रावकगण अपने प्रश्न भेजकर गुरू मुख से सम्यक समाधान प्राप्त कर सकते हैं। शनिवार को मुनिश्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि धर्म का खाने वाला तो नियम से नरक निगोद को ही प्राप्त करता है लेकिन यदि वही श्रावक विवेक पूर्वक धर्म नीति से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए धर्म नीति से अपने धन का सदुपयोग करता है तो वह नियम से स्वर्ग मोक्ष के सुखों को अवश्य ही प्राप्त करता है। दान तो सही अर्थो में वही है जो दिया सो दिया, आज बोला और तुरंत जमा करा दिया लेकिन आज बहुत बड़ी विडम्बना देखी जाती है कि लोग बड़ी-बड़ी बोलियां तो ले लेते हैं और जीवन पर्यंत उसे भरते रहते हैं ये उचित नहीं है न ही ये दान का स्वरूप है। इससे तो आपको निर्माल्य का ही दोष लग रहा है।

## प्रेस क्लब से जुड़े सदस्यों, परिजनों के आधार कार्ड अपटेड किये

प्रेस क्लब एवं डाक विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय आधार कार्ड अपटेड शिविर आयोजित

**उज्जैन/दैनिक मालव हेराल्ड।** सोसायटी फॉर प्रेस क्लब एवं डाक विभाग (उज्जैन पोस्ट ऑफिस मुख्यालय) के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय आधार कार्ड अपटेड शिविर आयोजित किया गया, जिसमें प्रेस क्लब से जुड़े सदस्यों और उनके परिजनों के आधार कार्ड अपटेड किये गये।

इस दौरान भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रा दिवस को लेकर शुरू किये गये तिरंगा अभियान के अंतर्गत शहर के सभी पोस्ट ऑफिसों में तिरंगा झंडा निर्धारित मुल्य पर विक्रय हेतु रखा जायेंगा, इस अभियान की शुरूआत भी की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर माल्यर्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. विशालसिंह हाड़ा, डाक विभाग उज्जैन के प्रवर अधीक्षक एसके ठाकरे, कार्यालय सहायक नवीन कुमार एवं आधार ऑपरटेर हेम कुंवर सहित प्रेस क्लब के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य व अन्य मीडियाकर्मी मौजूद थे।

# हमें पूर्ण निष्ठा, समर्पण और संकल्प के भाव से पार्टी के लिए समर्पित होना- डॉ मालवीय

### बदनावर में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, चुनावी शंखनाद किया

**बदनावर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शनिवार को यहां नगर के चंद्रलीला पैलेस में मुख्य वक्ता प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ चिंतामणि मालवीय के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश के उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज सोमानी, राज्य मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि रूप में शामिल हुए। पूर्व विधायक खेमराज पाटीदार, पूर्व राज्यमंत्री महेंद्रसिंह पीपलीपाडा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, जितेंद्र जाट, जिला मंत्री विक्रम पटेल, विधानसभा प्रभारी अशोक जैन, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रह्लादसिंह सोलंकी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, सांसद प्रतिनिधि महेंद्रसिंह सक्तावत, दिनेश गिरवाल, जहाँगीर लाला, नरेंद्र राठौड़, जगदीश जाट, राजेंद्र सिंह पंवार, ईश्वरसिंह डोडिया, ईश्वरलाल पाटीदार, रजनीश मालवीय, शिवरामसिंह रघुवंशी, कपिल यादव, छतर सिंह बिजूर, प्रेमचंद परमार, जशवंतसिंह नवासा, भरत फौजी, मानसिंह गिरवाल, मुन्नालाल गामड़, राजू मकवाना , संजय शर्मा, राजेश वर्मा, रतनलाल पाटीदार, प्रेमचंद परमार, कुलदीप सिंह पीपलीपाडा, ईश्वरलाल पाटीदार, लाखनसिंह नवासा, सुनील मोदी, हरीश माहेश्वरी, राकेश चौहान, विवेक पाटीदार, नजमु बोहरा, प्रितेशसिंह पंवार, कुसुम सोलंकी, सुषमा पाठक, आशा सराफ, माध्वी कुंवर सोलंकी, अनामिका ठाकुर आदि मंचासीन थे। सभी 6 मंडलो के अध्यक्ष क्रमश अक्षय शर्मा, नारायण सिंह देवड़ा, उमेश पाटीदार, धर्मेंद्र राठौड़, पवन डोड व मुन्नालाल पटेल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। भाजपा के विधानसभा संयोजक मोहनसिंह चौहान ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्गीत गायन के साथ हुई।



मुख्य वक्ता चिंतामणि मालवीय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे विश्व में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सर्वमान्य नेता के रूप में जाने जाने लगे हैं। पूरी दुनिया में भारत की ताकत का डंका बज रहा है। यह सब कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कभी कांग्रेस की सरकार ने ऐसी परिकल्पना नहीं की होगी जो हमारी भाजपा सरकार ने विकास कर दिखाया है। भाजपा वह दल है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी प्रधानमंत्री बन सकता है। हमें पूर्ण निष्ठा समर्पण और संकल्प के भाव से पार्टी के लिए समर्पित होना।

मालवीय ने कहा कि एकजुटता के साथ काम करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की राज्य सरकार द्वारा आम जनता के हित में किए गए कार्यों को जनता को बताने की आवश्यकता है। किसी भी संगठन को उसके कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत द्वारा ही सफलता मिलती है। प्रत्येक बूथ पर कार्यकर्ताओं को मेहनत करते हुए भाजपा को मजबूत बनाना चाहिए। हमे आज यह संकल्प लेकर जाना है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन्म से अंतिम यात्रा तक जन हितेषी योजना प्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में चल रही है।मोदी सरकार ने चाहे वह धारा 370 हो या राम मंदिर निर्माण मामला ऐसे कई बड़े निर्णय भाजपा सरकार में ही हुए है।

उद्योग मंत्री दत्तीगांव ने कहा कि देश मे नरेद्र मोदी व प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान की सरकार ने बदनावर में ऐसे कामो को कर दिखाया जिसकी कभी भी किसी ने कल्पना भी नही की होगी। भैंसोला क्षेत्र में स्थापित होने वाला पीएम मेगा मित्र टैक्सटाइल्स पार्क हमारे लिए बहुत बड़ी सौगात है। आजादी के बाद से बदनावर में इतनी सड़के नही बनी, जितनी अभी बन रही है। गांव से गांव व मजरे से मजरे जोटने का काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में बदनावर में बहुत बड़े काम हुए। दो सीएम राईज स्कूल हमारी बडी उपलब्धि है। इसके अलावा जल संरचनाओं के क्षेत्र में डेम, बैराज व तालाब बन रहे। कानवन में टप्पा तहसील कार्यालय, कालेज भवन समेत करीब 3 करोड़ का बड़ा सर्वसुविधायुक्त अस्पताल बन रहा है। उद्योग लगने से विकास के पंख तो लगेंगे ही बेरोजगारी भी दूर होगी। तिलगारा में आईटीआई की स्थापना होने से युवाओं को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है और कांग्रेस जो कहती है वह नही करती। हमने पिछले सालों की कांग्रेस सरकार में देख लिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से कहा कि भाजपा सरकार के राज में हमारे क्षेत्र में करोड़ों के विकास कार्य हुए है। शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी हमने काफी काम किए जिन्हें हमे जनता में जाकर बताना है।

जिलाध्यक्ष सोमानी ने कहा कि हमारी सरकारों ने जो काम किए उनको लेकर जनता के बीच जाए और कांग्रेस व भाजपा के बीच के अंतर को बताए। भाजपा विचारधारा व सिंद्धातों पर चलने वाली पार्टी है। कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। विधानसभा व लोकसभा चुनाव आने वाले है। हमे पार्टी का पक्ष हर जगह मजबूती के साथ रखना होगा। हम जिले की सातों विधानसभा सीट पर इस बार जीत का परचम लहराकर इतिहास बनाएगे। कार्यक्रम को अन्य आतिथियो ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में पूरे विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता शामिल हुए। इस कारण पूरा कार्यक्रम स्थल खचाखच भरा गया। इस सम्मेलन के जरिए भाजपा ने विधानसभा चुनाव का भी शंखनाद कर दिया है। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सराफ ने किया। आभार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह देवड़ा ने माना। कार्यक्रम का समापन राष्ट्गान के साथ हुआ।

## चलती बाइक में अचानक लगी आग मानसिक युवक ने मचाया हंगामा



**धार/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के मांडू रोड पर शनिवार सुबह चलती बाइक में अचानक आग लग गई। चालक ने आग की लपटों को देखकर तुरंत बीच सड़क पर ही बाइक खड़ी करके अपनी जान बचाई। इधर, आग की लपटों को देखकर पहले क्षेत्र के दुकानदारों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, किंतु बढ़ती आग के कारण तुरंत फायर वाहन सहित पुलिस को सूचना दी। फायर वाहन के मौके पर पहुंचने तक बाइक 50 प्रतिशत के अधिक जल चुकी थी। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद फायर वाहन में आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण अचानक एक मानसिक रूप से कमजोर युवक मौके पर आ गया व जलती हुई बाइक की सीट पर बैठकर धूम्रपान करने की कोशिश करने लगा। हालांकि तुरंत लोगों ने युवक को मौके से भगाया, अन्यथा बडा हादसा हो सकता था।

## एसडीएम द्वारा निरक्षण करने पर अनुपस्थित बीएलओ को कलेक्टर ने किया निलंबित



**सरदारपुर/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को शनिवार को जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने निलंबित किया है। एसडीएम राहुल चौहान के शनिवार निरीक्षण के दौरान बीएलओ की लापरवाही सामने आने पर एसडीएम ने निलंबन का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा था। कलेक्टर कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार मतदान केंद्र पर निर्वाचक नामावली क प्रकाशन किया जाकर वाचन किए जाने के संबंध में तोलाराम औसारी प्राथमिक शिक्षक शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला लाबरिया एवं बीएलओ लाबरिया को लापरवाही किए जाने तथा बिना सूचना के पदस्थ संस्था में अनुपस्थित रहने एवं 4 अगस्त को भी निरीक्षण के दौरान बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित कि गई। तोलाराम औसारी के निर्वाचन कर्तव्य में लापरवाही किए जाने तथा पदस्थ संस्था में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। आदेश के अनुसार निलंबन अवधि में तोलाराम औसारी का मुख्यालय तहसील कार्यालय सरदारपुर पर नियत किया गया है।

## 05 अगस्त को नगर सरकार के एक वर्ष का पूर्ण होने पर महापौर ने अपने अनुभव साझा किए



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 05 अगस्त वही तारीख है जब उज्जैन शहर के नागरिकों द्वारा मुझे शहर विकास के साथ-साथ शहर की जनता के हित के लिए कार्य करने हेतु नगर सरकार के मुखिया के रूप में महापौर पद पर शपथ ग्रहण करते हुए सुशोभित किया था, इस पद पर रहते हुए 05 अगस्त को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ है, निश्चित ही आप समस्त शहरवासियों का आशीर्वाद जिस प्रकार मिला है वह निरंतर इसी प्रकार मिलता रहे ताकि उज्जैन शहर का नाम गौरवान्वित किया जा सके।

यह बात शनिवार को महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा मेयर इन काउंसिल के सदस्य के साथ अपने एक वर्ष के सफलतम कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए कही गई कि किस प्रकार यह एक वर्ष शहर की जनता के सहयोग से पूर्ण हुआ है।

महापौर द्वारा उज्जैन शहर के नागरिकों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए पूर्ण विश्वास दिलाया कि नगर सरकार शहर की जनता के हित में साथ मिलकर कार्य इसी प्रकार करती रहेगी शहर की जनता के लिए जो जो सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं उसके लिए पूरी नगर सरकार कार्य करती रहेगी।

बैठक में एमआईसी सदस्य श्री शिवेंद्र तिवारी, श्री रजत मेहता, श्री प्रकाश शर्मा, श्री सत्यनारायण चौहान, श्री कैलाश प्रजापत, श्री अनिल गुप्ता, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉ. योगेश्वरी राठौर उपस्थित थे।

## उम्मीदवार कोई भी हो हमें मात्र कमल का बटन दबाकर ही उसे उसे विजय बनाना है श्री सिसोदिया

### चुनाव प्रबंधन जिला संयोजक मनोनीत होने के बाद पहली बार नगर आगमन पर पहुंचे विजेंद्र सिंह सिसोदिया का भव्य स्वागत



**सलसलाई/ किशोर नाथ राजगुरु/दैनिक मालव हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनाव की तैयारियां पूर्ण कर ली है इसके लिए पार्टी ने नए-नए क्षेत्र से लेकर विधानसभा व जिले भर में चुनाव का मेंटेनेंस करने के लिए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की है जिसमें शाजापुर जिले में राजनीति के खिलाडी कहे जाने वाले पूर्व निगम ऊर्जा विकास अध्यक्ष विजेंद्र सिंह सिसोदिया को शाजापुर जिले का भारतीय जनता पार्टी का जिला संयोजक मनोनीत किया है उनके मनोनयन के बाद जिले में प्रथम आगमन आज हुआ था जहां जिले भर के भ्रमण के दौरान सलसलाई नगर आगमन पर उनका भारतीय जनता पार्टी के भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया इस अवसर पर जहां मां राजराजेश्वरी मां खेड़ापति सरकार के दर्शन किए गए वहीं उसके पश्चात लखन आचार्य बस स्टैंड पर भव्य स्वागत किया गया वहीं वहां से ढोल धमाके के साथ नगर के महाराणा प्रताप चौराहा स्थित मां गायत्री हार्डवेयर पहुंचे जहां प्रतिष्ठान प्रकाश मेवाड़ा के नेतृत्व में पुनः स्वागत हर फूल माला के साथ किया गया इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पूर्व हेमंत मेवाड़ा वरिष्ठ नेता भवानी शंकर पांडे विजय मेवाड़ा भादर सिंह मेवाडा जीवन एजेंट रमेश प्रजापत धर्मराज परमार अरविंद पाटीदार युवा मोर्चा मंडल मंत्री संतोष राठौर रोशन मेवाड़ा झुंझार मेवाड़ा पहलाद सिंह सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## मैं हूँ अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को दी जा रही जानकारी



**धार/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एसपी मनोज कुमार सिंह के निर्देशन व सीएसपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अभियान को लेकर कई गति?विधियां कोतवाली पुलिस टीम द्वारा की जा रही है। महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने व आम लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले में मैं हूं अभिमन्यु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को कोतवाली पुलिस टीम द्वारा एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। शहर के उत्कृष्ट स्कूल कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के विधार्थियों को अभियान के रूप में विस्तृत जानकारी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दी गई। महिला संबंधी अपराध उनके कानूनी प्रावधान समाज में महिलाओं को समानता, सुरक्षा एवं संवेदनशीलता का भाव रखते हुए महिला अपराधों की रोकथाम के लिए अपील सेमिनार में की गई। कोतवाली थाने पर पदस्थ उनि सौरभ शुक्ला ने विधार्थियों को मैं हूं अभिमन्यु अभियान के अंतर्गत नशा दहेज रूढ़िवादिता, अश्लीलता, संवेदनशीलता, भ्रूणहत्या, अशिक्षा, लिंगभेद जैसे विषयों की समझाइश दी। थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान के अनुसार सेल्फी पॉइंट बनाए गए हैं, जिन पर ÷मैं हूं अभिमन्य' के कट आउट के साथ एक सेल्फी प्वाइंट बनाया जाकर स्टाफ एवं आम जनता के द्वारा अभिमन्यु के साथ सेल्फी ली गई। थाना प्रभारी दीपक चौहान ने बताया कि नशा मुक्ति से ही समाज का विकास संभव हैं। समाज में सामाजिक विकृति का आज एक प्रमुख कारण नशा सेवन है, जिससे दूर रहना हैं।

## फ्रीगंज व्यापारी महासंघ ने बाबा महाकाल की चांदी की फ्रेम भेंट कर किया थाना प्रभारी का सम्मान

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। थाना माधव नगर से स्थानांतरण होने पर शनिवार को फ्रीगंज व्यापारी महासंघ द्वारा बाबा महाकाल की चांदी की फ्रेम देकर थाना प्रभारी मनीष लोधा का सम्मान किया गया।**

**इस मौके पर महासंघ के पदाधिकारी राकेश भार्गव, अनिल राठौड़, राजकुमार परसवानी, गोपालदास वाधवानी, मनोज शर्मा, नरेश परिहार, मनीष सोनी आदि मौजूद रहे।**

## छठवें वेतनमान वाले शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 9% की वृद्धि

### महंगाई भत्ते की दर बढ़कर 221 प्रतिशत»»उप मों, निगमों, मंडलों, अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढ़ा »»चतुर्थ वेतनमान में 40 और पांचवें वेतनमान में 11 मंहगाई भत्ते की बढ़ोतरी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन ने छटवें वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों के मंहगाई भत्ते में 09 प्रतिशत की वृद्धि की है। इस आशय के आदेश जारी कर दिये गये हैं।

आदेश के अनुसार अब दिनांक 01 जनवरी 2023 से से बढ़े हुए महंगाई भत्ते की दर लागू होगी। अब मंहगाई भत्ते की दर 212 प्रतिशत से बढकर 221 प्रतिशत हो जायेगी। शासकीय सेवकों को मंहगाई भत्ते का लाभ 1 जुलाई 2023 (भुगतान माह अगस्त 2023) से किया जायेगा।

राज्य शासन द्वारा 1 जनवरी 2023 से 30 जून 2023 तक की एरियर राशि का भुगतान तीन समान किश्तों में क्रमशः माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 में किया जायेगा। एक जनवरी से 30 जून 2023 तक सेवानिवृत्ति और मृत शासकीय सेवकों के प्रकरण में उनको/नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एक मुश्त किया जायेगा। महंगाई भत्ता दर में 50 पैसे या उससे अधिक पैसे को अगले उच्चतर रुपए में पूर्णांकित और 50 पैसे से कम राशि को छोड़ दिया जाएगा।

मंहगाई भत्ते का कोई भी भाग किसी भी प्रयोजन हेतु वेतन के रूप में नहीं माना जाएगा। राज्य शासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते के भुगतान पर किया गया व्यय संबंधित विभाग के चालू वर्ष के स्वीकृत बजट के प्रावधान से अधिक नहीं हो।

उपक्रमों, निगमों, मंडलों, अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढ़ा

राज्य शासन के उपक्रमों/निगमों/मंडलों तथा अनुदान प्राप्त संस्थाओं के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कर्मचारियों के मंहगाई भत्तों में भी वृद्धि की गई है। ऐसे कर्मचारियों को जो मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम 1989 यानी चतुर्थ वेतनमान या मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम 1998 यानी पांचवे वेतनमान में वेतन प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें दिनांक एक जनवरी 2023 (भुगतान माह फरवरी 2023) से क्रमशः 1265 प्रतिशत एवं 269 प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ता मिल रहा था। अब राज्य शासन के निर्णय से एक जनवरी 2023 से पांचवां वेतनमान प्राप्त कर रहे कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता 11 प्रतिशत बढकर कुल 280 प्रतिशत हो गया है और चतुर्थ वेतनमान में मंहगाई दर में 40 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 1305 प्रतिशत की वृद्धि का लाभ मिलेगा।

इसी प्रकार राज्य शासन द्वारा 1 जनवरी 2023 से 30 जून 2023 तक की एरियर राशि का भुगतान तीन समान किश्तों में क्रमशः माह अक्टूबर, नवम्बर एवं दिसम्बर 2023 में किया जायेगा। एक जनवरी से 30 जून 2023 तक सेवानिवृत्ति और मृत शासकीय सेवक के प्रकरण में उनको/नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एक मुश्त किया जायेगा।

## महापौर ने किया वार्ड 51 स्थित जर्जर विद्यालय का निरीक्षण




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वार्ड क्रमांक 51 में निरीक्षण के दौरान जवाहर नगर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की जर्जर स्थिति देखी जहां बारिश के मौसम में शिक्षा ग्रहण करने हेतु छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल प्रांगण के बाहर खुले में बैठकर पढ़ना पढ़ रहा है जो कि किसी भी स्थिति में न्यायोचित नहीं है,महापौर श्री मुकेश टटवाल के द्वारा निरीक्षण के दौरान स्वयं यह स्थिति देखकर उनके मन में भी बहुत ही पीड़ा हुई,बच्चों से चर्चा की और तत्काल जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बच्चों के शिक्षा ग्रहण करने हेतु वैकल्पिक भवन की व्यवस्था करने हेतु कहा गया,इसी के साथ यह भी जानकारी ली गई कि उक्त स्कूल भवन पुलिस विभाग की भूमि पर संचालित किया जा रहा है जिसके कारण यहां स्कूल भवन का निर्माण नहीं किया जा रहा है महापौर द्वारा पुलिस अधीक्षक से चर्चा कर उक्त भूमि के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु कहा गया जिससे कि यहां पर बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु स्कूल भवन का निर्माण किया जा सके ताकि जो भी निर्माण कार्य करवाए जाने हैं वह करवाएं , कोई भी शिक्षा से वंचित ना रहे और कोई भी विद्यार्थी ऐसे खुले में शिक्षा ग्रहण ना करें।

## श्याम ढाबा और पंचवटी होटल हो गया अघोषित मदिरा केंद्र

( अपने प्रतिष्ठानों के नाम की भी इज्जत नहीं करते ये शराब माफिया)

**धार/ मनीष जैन/ दैनिक मालवा हैराल्ड।** वैसे तो प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान ने 1अप्रैल से समस्त आहते बंद करवा दिया लेकिन आहते बंद होते ही होटल ढाबा मालिको की चांदी हो गई है

**श्याम ढाबा**

कहने को तो ये एक होटल ही है और नाम भी भगवान श्री कृष्ण का ( श्याम) बावजुद इसके यहां पर रोजाना हजारों की दारू बेची जाती है जो की नियमो की विरूद्ध है

**पंचवटी होटल**

आज अगर हम सनातन धर्म की बात करे तो पंचवटी मतलब हम सभी यहीं सोचते हैं की प्रभू श्री राम ने अपने वनवास के दौरान पंचवटी बनाई थी लेकिन यहां तो उसका विपरीत है पंचवटी पर पंच तत्वों की सुविधा उदय दे रहा है ( शराब, शबाब,कबाब, हुक्का, और फुल एंजॉयमेंट)।

## मजदूरों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए वेयर हाउस गेट के बाहर धरना प्रदर्शन





**झाबुआ (मेघनगर) माणक लाल जैन /दैनिक मालवा हेराल्ड। कल मजदूरों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए वेयर हाउस गेट के बाहर धरना प्रदर्शन अनिश्चितकालीन हड़ताल है जो भी मजदूर की हक की लड़ाई लड़ना चाहता है वह कल 11:00 बजे वेयरहाउस मेघनगर आ सकते हैं।**

मजदूरों को 80 रु. प्रतिटन के मान से मजदूरी दी जा रही है जिसको 3 वर्ष व्यतीत हो चुके है किन्तु वर्तमान में इस महंगाई के समय में 120 रू. प्रतिटन के मान से मजदूरी देना चाहिए अन्यथा अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी जिसकी शुरुआत दिनांक 06/08/23 से शुरू होगी वही इनके द्वारा कही और से मजदूर बुलवाए जाते है तो उन्हें भी हमारे द्वारा कार्य नहीं करने दिया जायेगा और यदि ऐसा कुछ होता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी वेयर हाउस प्रशासन की रहेगी। मजदूर एकता जिंदाबाद

## स्वतंत्रता की वसंतिका का मंचन आज

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सिन्धू प्रवाह अकादमी द्वारा उज्जैन के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी एवं आशु कवि मालव केसरी श्री नंदलाल पोद्दार की स्मृति में हिंदी की महान कवियित्री तथा देश की प्रथम महिला सत्याग्रही श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान के द्वारा स्वतंत्रता आंदोलन में दिए गए अवदानों पर आधारित नाटक स्वतंत्रता की वसंतिका का मंचन आज 6 अगस्त की शाम 7 बजे अभिरंग नाट्यगृह, कालिदास अकादमी में किया जाएगा।सचिव लोकेश भागचंदानी ने बताया कि नाटक स्वतंत्रता की वसंतिका का मंचन उज्जैन में विगत 24 वर्षों के बाद होने जा रहा है। वरिष्ठ लेखक अशोक वक्त द्वारा रचित इस नाटक का निर्देशन कुमार किशन ने किया है वहीं मुख्य भूमिकाएं वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ पल्लवी किशन एवं राजेश जूनवाल निभा रहे हैं। सिन्धू प्रवाह अकादमी के समस्त पदाधिकारियों ने इच्छुक जनों से इस नाटक में पधारने का आग्रह किया है प्रवेश पूर्णतः निशुल्क है।

## डॉ भगवती प्रसाद जोशी मित्र मंडल द्वारा कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया



**महिदपुर/यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी महाकाल को जलाभिषेक करने के लिए महिदपुर रोड कावड़ यात्रा संघ के द्वारा कावड़ यात्रा निकाली गई कावड़ यात्रा में पूर्व मंडल अध्यक्ष पूर्व सरपंच कमल सिंह जी पवार का साफा बंधवाकर अभिनंदन किया भाई दशरथ जी को महाकाल का दुपट्टा पहनाया इस अवसर पर नंदकिशोर जी उपाध्याय, रामप्रसाद जी पांडे, भगवान सिंह जी पवार, गुमान सिंह जी राजपूत, कमल जी राठी, कैलाश जी गट्टानी, केसर सिंह जी पटेल, करण सिंह जी, अंतिम जोशी, मनीष सोनी, मयंक लश्करी, नीरज, राजकुमार आदि उपस्थित रहे। जानकारी कपिल जोशी ने दी।

# रिश्वत लेते लोकायुक्त के शिकंजे में फंसा नगर निगम का दरोगा

## सफाई मित्र से मांगे थे 15 सो रुपए, पेंट की गई जप्त

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शनिवार को लोकायुक्त पुलिस ने नगर निगम में पदस्थ दरोगा को 1500 रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ सड़क पर गिरफ्तार किया। जिसे बाद में समीप स्थित चिमनगंज थाने ले जाकर कार्यवाही की गई। दरोगा ने सफाईकर्मी से 1500 रूपये की रिश्वत की मांग की थी, जिसकी शिकायत फरियादी ने लोकायुक्त में की थी।

लोकायुक्त डीएसपी सुनील ताला ने बताया कि नगर निगम के वार्ड क्रमांक 4 में सफाई कर्मचारी अजीज पिता सत्तार 45 साल निवासी केलाबाड़ी ने शुक्रवार को लोकायुक्त एसपी को शिकायत की थी, कि वह नगर निगम में अस्थाई सफाई कर्मचारी है, जिसे 8000 रूपये महिना वेतन मिलता है, इसके एवज में 1000 रूपये महिना कमिशन दरोगा कृष्णपाल बोयत मांग रहा है, इसके अलावा उसे परिवार में शादी के लिए नगर निगम ने 50000 रूपये की सहायता प्रदान की थी, उसके भी कमिशन के रूप में 500 रूपये महिने की मांग कर रहा था। लोकायुक्त निरीक्षक बसंत श्रीवास्तव के अनुसार फरियादी सफाई कर्मचारी अजीज की शिकायत की तस्दीक करने के बाद नगर में रिश्वत की रकम देने के लिए बुलाया था। इशारा मिलते ही पहले से मौजूद टीम ने उसे रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी को समीप स्थित चिमनगंज थाने ले जाकर यहां कागजी कार्यवाही पूर्ण की गई।



शनिवार को लोकायुक्त पुलिस ने दरोगा कृष्णपाल बोयत को गायत्री नगर में अजीज से रिश्वत के 1500 रूपये लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया। अजीत को दरोगा ने गायत्री

### सफाईकर्मियों से ली जाती है बंदी...

नगर निगम से जुड़े सूत्र बताते है कि शहर में प्रत्येक वार्ड में दरोगा नियुक्त है, जिनके अंडर में कई सफाईकर्मी कार्य करते है। सूत्रों की माने तो कई स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारी दरोगाओं के कारण परेशान है जो उन्हें कमिशन देने के लिए परेशान करते है। कुछ तो ऐसे है तो केवल कागजों पर काम कर रहे है, जो आसानी से दरोगा को कमिशन देकर हजारों रूपये ले रहे है। जिससे वास्वत में काम करने वाले सफाई कर्मचारी (सफाई मित्र) परेशान हो रहे है। नाम मात्र का वेतन मिलने के बाद भी दारोगाओं द्वारा इस तरह सफाई कर्मियों का शोषण किया जाता है।

## चारभुजा नाथ मंदिर में मनाया चुनरी मनोरथ



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गोला मंडी स्थित चारभुजा नाथजी के मंदिर में चुनरी मनोरथ का आयोजन किया गया। अधिक (पुरुषोत्तम) मास में आयोजित किए जा रहे उत्सवों की श्रृंखला में अठारहवें दिवस को भगवान का आकर्षक लाल चुनरिया से श्रृंगार कर चुनरी मनोरथ मनाया गया। प्रति 3 वर्ष में पड़ने वाले अधिक मास पुरुषोत्तम मास में पूरे साल के त्योहारों का चारभुजा नाथ मंदिर में आयोजन किया जाता है। इस दौरान हजारों वैष्णवजनो ने दर्शन लाभ अर्जित किया। चुनरी मनोरथ के लाभार्थी पुष्पा देवी मंडोवरा, जगदीश मंडोवरा, रीतेश मंडोवरा एवं श्री माहेश्वरी सभा महिला मंडल था। इस अवसर पर संगीता भूतड़ा, संध्या हेड़ा, लाज भूतड़ा, ममता बांगड़, सरिता बाहेती, शोभा मूंदड़ा, मधु लड्डा, कुसुम भूतड़ा, शीला राठी, प्रतिभा मूंदड़ा, ज्योति राठी, मंजु मूंदड़ा, मनीषा डागा, सरिता भूतड़ा, शांता मंडोवरा, रुपाली मंत्री, पुष्पा मंत्री, उषा सोढानी, रीतु समदानी मौजूद थी।

## सार समाचार

### सवारी से पहले ही महाकाल उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** भगवान महाकालेश्वर की पांचवी सवारी कल सोमवार को निकलेगी लेकिन इसके पहले शनिवार सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। शनिवार दोपहर तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने महाकाल दर्शन कर लिए थे।उल्लेखनीय है कि श्रावण मास में महाकालेश्वर मंदिर में देश-विदेश के श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। सावन भादौ मास में निकलने वाली भगवान महाकालेश्वर की अब तक 4 सवारियां निकल चुकी है। कल सोमवार को भगवान महाकाल की पांचवी सवारी निकलेगी। सवारी के दौरान तथा महाकाल मंदिर में सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इधर शनिवार सुबह से ही महाकालेश्वर मंदिर में चलित भस्मआरती से लेकर दोपहर तक हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। सहायक प्रशासनिक अधिकारी मूलचंद जूनवाल ने बताया कि शनिवार दोपहर तक 40 हजार से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। शाम तक यहां आंकड़ा और बढ़ गया था।

### यशवंत सागर ओवरफ्लो हुआ तो खोलना पड़ा गंभीर डेम का गेट

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर का यशवंत सागर डेम के गेट शुक्रवार देर रात खोले गए। इस कारण उज्जैन के गंभीर डेम में भी जलस्तर बढ़ गया और गेट खोलना पड़ा।गंभीर डेम में शुक्रवार रात से एक बार फिर जल स्तर बढ़ने लगा और यह ओवरफ्लो होने लगा। गंभीरी डेम के प्रभारी अधिकारी श्री गौड़ बताया कि यशवंत सागर डेम के गेट खोले जाने के कारण यह स्थिति बनी थी। शुरुआत में शनिवार सुबह 25 सेंटीमीटर तक एक गेट खोला गया था। दोपहर में पानी की आवक और बढ़ने पर इसे बढ़ाकर डेढ़ मीटर से खोला गया। बाद में जब यशवंत सागर के गेट बंद हुए तो फिर आवक कम होने पर इसे 50 सेंटीमीटर कर दिया गया था। शनिवार शाम 5ः00 बजे तक गंभीर डेम में पानी की आवक पूरी तरह रुक गई थी। इस कारण 1950 एमसीएफटी के लेवल पर खोले गए 1 डेट को वापस बंद कर दिया गया था।

**दिनभर चलता रहा रिमझिम बारिश का दौर..**

शनिवार सुबह से शहर में घने काले बादल छाए रहे। सुबह से लेकर दोपहर तक रिमझिम बारिश का दौर चला। इसके बाद शाम के समय मौसम साफ हो गया और कुछ देर धूप भी निकल आई थी। वेधशाला अधीक्षक डॉ. आरपी गुप्त के मुताबिक अगले 24 घंटे उज्जैन शहर सहित जिले में मध्यम और तेज बारिश की संभावना है।

# चौबीस घंटे के दौरान जिले की 6 तहसीलों में वर्षा हुई

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पिछले चौबीस घंटे के दौरान 5 अगस्त की प्रातः तक जिले की छह तहसीलों में बारिश हुई है। इस दौरान घट्टिया तहसील में 3.1, खाचरौद में 2, बड़नगर में एक, झारड़ा में एक, तराना में 4 एवं माकड़ोन तहसील में 2 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। इस तरह इस मानसून सत्र में अभी तक जिले में औसत 539 मिमी वर्षा हो चुकी है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में औसत 453.3 मिमी वर्षा हुई थी।

कार्यालय भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष अभी तक जिले की उज्जैन तहसील में 603 मिमी, घट्टिया में 367.3, खाचरौद में 515, नागदा में 665, बड़नगर में 508, महिदपुर में 505, झारड़ा में 610, तराना में 682.6 और माकड़ोन तहसील में 395 मिमी वर्षा हो चुकी है। गत वर्ष इसी अवधि में उज्जैन तहसील में 481 मिमी, घट्टिया में 518, खाचरौद में 383, नागदा में 621, बड़नगर में 361, महिदपुर में 468, झारड़ा में 361, तराना में 501 और माकड़ोन तहसील में 377 मिमी वर्षा हुई थी।

# जीवाजीगंज अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दीपक पिप्पल द्वारा जीवाजीगंज हॉस्पिटल का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में हस्ताक्षर रजिस्टर चेक किया। वहां पर उपस्थित समस्त स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गये। अनुपस्थिति स्टाफ की अनुपस्थिति दर्ज की गई। सिविल हॉस्पिटल में बिल्डिंग के मरम्मत की आवश्यकता है। इस हेतु आवश्यक कार्यवाही के निर्देश सीएमएचओ द्वारा प्रदान किये गये। उपचार सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पाई गई, जिसके लिए सीएमएचओ द्वारा तुरंत अस्पताल प्रभारी मेडिकल ऑफिसर को कार्यवाही हेतु निर्देश प्रदान किये। अस्पताल परिसर में उचित साफ-सफाई, चिकित्सा अधिकारियों की बैठक की अलग-अलग उचित व्यवस्था हेतु भी निर्देश प्रदान किये गए।






वार्ड में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिल रही निःशुल्क दवाइयों एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही मरीजों के साथ सम्मानजनक व्यवहार एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश भी सीएमएचओ द्वारा उपस्थित स्टाफ को प्रदान किये गए।

## लोक अदालत अन्तर्गत टेक्स में छूट का लाभ लेंः आयुक्त रौशन कुमार सिंह

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 9 सितम्बर शनिवार को नेशनल लोक अदालत आयोजित हो रही है। इस अवसर पर सम्पत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों को विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। करदाता लाभान्वित हों।

निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने इस सम्बंध में समस्त झोन कार्यलयों में समूचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये है। आपने निर्देशित किया है कि झोनल सहायक सम्पत्तिकर अधिकारी अपने अमले के साथ समस्त भवन, भूस्वामियों तक लोक अदालत के प्रावधानों को पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। इसीके साथ ही बकायादारों को बिल इत्यादि भी तत्काल जारी करें ताकि अधिकाधिक करदाताओं को लोक अदालत का लाभ मिल सके।

निगम आयुक्त ने समस्त भवन भूस्वामियों से भी अपील की है कि वे अभी से स्वयं को तैयार करें झोन कार्यालय में पधार कर अपने बकाया कर की जानकारी प्राप्त करें और आगामी लोक अदालत से लाभान्वित होकर अपना बकाया सम्पत्तिकर एवं जलकर जमा कराएं।

## जन शिकायतों और अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर ना होने वाले अधिकारियों को निगम आयुक्त का नोटिस

**लम्बित भवन अनुज्ञा और नामांतरण प्रकरण तत्काल निपटाएं»»15 अगस्त से पूर्व वसूली टार्गेट पूरा करें: आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जन शिकायतों के समाधान के साथ नियमित कार्यो को सुव्यवस्थित रूप से सम्पादित करना ही किसी अधिकारी की योग्यता को सिद्ध करते हुए उसे उत्कृष्ट बनाता है। आप अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर होकर दायित्वों का निर्वहन करें इसी पर आपका केरियर भी निर्भर है।

यह बात निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने कही। समय सीमा से सम्बंधित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान आपने जहां लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारियों को सचेत किया वहीं नगर निगम अन्तर्गत अपने कर्तव्यों के प्रति गंभीर होने हेतु समझाईश भी दी। टीएल बैठक में निगम आयुक्त ने भवन नामांतरण प्रकरणों और सम्पत्ति कर वसूली की विशेष रूप से समीक्षा की। आपने बड़ी संख्या में नामान्तरण प्रकरणों के लम्बित रहने पर नाराजगी प्रकट की। निर्देशित किया कि नामान्तरण प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निपटारा करते हुए सम्पत्तिकर वसूली कार्य को गति दी जाए। 15 अगस्त तक यह सुनिश्चित करें कि सम्पत्तिकर वसूली गत वर्ष की तुलना में अधिक हो। जीआईएस सर्वे अनुरूप वास्तविक सम्पत्ति पर जो कर निर्धारित हो उस अनुसार अन्तर की राशि भी सम्बंधितों से वसूली जाए।




भवन निर्माण अनुमति जारी किये जाने की धीमी गति पर निगम आयुक्त ने असन्तोष व्यकत किया तथा निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर कोई भी प्रकरण लम्बित ना रखा जाए। प्रत्येक प्रकरण रनिंग रहना चाहिए। विभिन्न अवैध से वैध की गई कालोनियों में जहां मानचित्र स्वीकृति की प्रक्रिया आरंभ की गई है, उन कालोनियों में भवन अधिकारी और भवन निरीक्षक स्वयं निरीक्षण करें, भवन स्वामियों से सम्पर्क करें और निर्धारित शुल्क जमा करा कर अनुज्ञा प्रकरण प्रचलित करें।

सीएम हेल्पलाईन की विभिनन 490 लम्बित शिकायतों पर आपने त्वरित कार्यवाही के निर्देश देते हुए 15 अगस्त तक समस्त शिकायतों का सन्तुष्टिपूर्ण निराकरण कराते हुए शिकायतें शून्य करने के निर्देश दिये।

जन सुनवाई और यूएमसी सेवा एप पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। यहां बन्द लाईटों की शिकायतें अधिक पाए जाने पर त्वरित समाधान के निर्देश दिये। निर्देशित किया कि अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतों पर कार्यवाही में विलम्ब ना किया जाए। बारिश के चलते जल भराव की समस्याओं का भी तत्काल समाधान करें।

**वेतन वृद्धि रोकने के नाटिस**

निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर पीएचई यंत्री श्री राजीव शुक्ला, सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का समाधान ना करने पर यंत्री श्री हर्ष जैन, और श्री मुकुल मेश्राम, भवन अनुज्ञा प्रकरण लम्बित रखन पर भवन निरीक्षक ज्योत्सना उबनारे, अतिक्रमण के विरूद्ध कार्यवाही ना करने पर कार्यपालन यंत्री श्री जगदीश मालवीय की वेतन वृद्धि रोके जाने बाबत् तथा बन्द लाईटों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत ना करने तथा सन्तोषजनक कार्यवाही ना करने पर विद्युत विभाग प्रभारी श्री जितेन्द्रपाल सिंह जादौन और श्री आनन्द भण्डारी, बैठक में अनुपस्थित रहने पर वर्कशाप प्रभारी श्री विजय गोयल के साथ ही सम्पत्तिकर वसूली सन्तोषजनक नहीं होन पर विभिनन झोनल सहायक सम्पत्तिकर अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये जाने और अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये गए।

**खुद देखें-दूसरों पर ना डालें**

निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने समस्त सहायक आयुक्त, कार्यपालन यंत्री और झोनल अधिकारीगण, उपयंत्रीगण, भवन अधिकारी और भवन निरीक्षकगण को निर्देशित किया कि आपको सौंपे गए दायित्व आम नागरिकों की सेवाओं और सुविधाओं से जुड़े हूए है।

नगर का प्रत्येक नागरिक अपनी मूल भूत सुविधाओं और समस्याओं के समाधान के लये नगर निगम की ओर देखता है। आपकी गतिविधियां निगम के साथ साथ शासन की छबि भी सम्बद्ध रहती है। लिहाज़ा आपको अपने प्रत्येक कार्य के प्रति अपनी भूमिका निभाना है यदि किसी को यदि कोई कठिनाई महसूस होती है तो समय पूर्वय मुझे अवगत कराने की आदत डालें ताकि समाधान संभव हो।

### कुटुंब सुरक्षा परिषद द्वारा महापुरूष श्रीमंत शंकरदेव जी महाराज का 575 वां जन्मोत्सव समारोह 8 व 9 को होगा




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**कुटुंब सुरक्षा परिषद के तत्वाधान सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उद्घोषक महापुरूष श्रीमंत शंकरदेव जी महाराज का 575 वां जन्मोत्सव समारोह 8 व 9 अगस्त को मंगलनाथ रोड स्थित मौन तीर्थ पीठ मौनी बाबा आश्रम पर किया जायेगा। कार्यक्रम के सयोजक रोडमल राठोर पुर्व विधायक ने प्रेसवार्ता लेकर बताया कि असम से 150 लोग आएंगे व असम की संस्कृति से मध्य प्रदेश के संस्कृति का मिलन होगा। कार्यक्रम में कई विद्वानो की उपस्थिति रहेगी जिसमें मुख्य रुप से लक्ष्मीनारायण भाला वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,के उषा ठाकुर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री, रंजीत दास कैबिनेट मंत्री असम, योगाचार्य महंत सुधाकर पुरी संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तिष्ठ भारत दिल्ली, सत्यरंजन बोरा संस्थापक अध्यक्ष कुटुंब सुरक्षा परिषद असम एवं कई विद्वानों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### शहरी टास्क फोर्स की बैठक 7 अगस्त को आयोजित होगी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।**मिशन इन्द्रधनुष 5.0 एमआर निर्मूलन शहरी टीकाकरण के सुदृढ़ीकरण के लिये शहरी टास्क फोर्स की बैठक कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में 7 अगस्त को प्रातः 11 बजे संकुल भवन के तृतीय तल के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जन-भागीदारी बढ़ाना एवं सहयोगी विभागों से समन्वय के लिये उक्त बैठक आयोजित की जायेगी। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्य् अधिकारी ने दी।

### मुख्यमंत्री चौहान ने मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूटकैंप बैच-2 को किया संबोधित

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि छह महीने पहले जिन बेटे-बेटियों का चयन मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र के रूप में किया गया था, उन्होंने बहुत अच्छा काम किया है। ये सभी युवा इतिहास रचेंगे। स्वामी विवेकानंद कहते थे तुम केवल साढ़े तीन हाथ के हाड़-मांस के पुतले नहीं हो, तुम अनंत शक्तियों का भंडार हो। दुनिया में हर काम आप कर सकते हैं। युवा प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए नया इतिहास रचने में सहयोग करें। जो काम आपको मिला है, वह अपने आप को तराशने और बनाने और सीखने का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से करें। अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने की कोशिश करें। लाड़ली बहना योजना सहित अन्य जन-कल्याणकारी योजनाओं में भरपूर सहयोग करें। मुख्यमंत्री चौहान गत दिवस भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र बूट कैंप बैच-2 में सीएम जनसेवा मित्रों को संबोधित कर रहे थे। प्रारंभ में मुख्यमंत्री चौहान ने पुष्प-वर्षा कर युवाओं का स्वागत किया। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष सचिन चतुर्वेदी, सीईओ राघवेन्द्र कुमार सिंह, लोकेश शर्मा तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्राधिकरण की योजनओं का लाभ अधिक से अधिक लोग ले सके यही प्रयास रहेगा -अध्यक्ष श्याम बंसल

## गुलमोहर कालोनी के वाणिज्यिक सह आवासीय भूखण्डों एवं मुखर्जी काम्पलेक्स के दुकान/आफिस चेम्बरों के आवंटन पत्र वितरीत किये गये

**»»गुलमोहर कालोनी में प्राधिकरण की न्यूनतम कीमत 4 करोड 31 लाख के विरूध 11 करोड 17 तक की कीमत प्राप्त हुई है। इसी प्रकार मुखर्जी काम्पलेक्स की न्यूनतम कीमत 22 लाख 3 हजार के विरूद्ध 35 लाख तक की कीमत प्राप्त हुई»»आवंटन पत्र वितरण के दौरान हितग्राही स्वयं उपस्थित हुऐ तथा आवंटन पत्र प्राप्त किया»»आवंटन पत्र के साथ लोगों को अध्यक्ष महोदय ने लोगों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाऐं भी दी। »»» महानंदा नगर काम्पलेक्स एवं नानाखेडा में यात्रिका होटल के पीछे निर्मित किये गये 32 फलेटों का निरक्षण कर आगामी सप्ताह में निवर्तन हेतु निर्देशित किया**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड। प्राधिकरण अध्यक्ष श्री श्याम बसंल जी द्वारा आज प्राधिकरण कार्यालय में गुलमोहर कालोनी में 1 नर्सिंग होम भूखण्ड एवं 3 वाणिज्यिक सह आवासीय भूखण्डों के आवंटन पत्र जारी किये गये, इसके साथ ही नानाखेडा में नव निर्मित काम्पलेक्स के 6 दुकान/आफिस चेम्बरों के आवंटन पत्र जारी किये गये।**





उक्त जानकारी देते हुये प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संदीप सोनी ने बताया कि गुलमोहर कालोनी में प्राधिकरण द्वारा 1 नर्सिंग होम भूखण्ड एवं 3 वाणिज्यिक सह आवासीय भूखण्डों तथा नानाखेडा में नव निर्मित डॉ.श्यामाप्रसाद मुखजी काम्पलेक्स के 20 दुकान/आफिस चेम्बरों के निवर्तन हेतु एम.पी.आन लाईन के माध्यम से आन लाईन हेतु निविदाऐं आमंत्रित की गई थी, जिसमें लोगों द्वारा काफी बडी संख्या में सहभागिता की गई तथा प्राधिकरण की गुलमोहर कालोनी की न्यूनतम 79,500 के विरूद्ध 1,61,000/-तक की दर प्रस्तुत की गई जो कि सबसे अधिकतम रही। इसी प्रकार डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी काम्पलेक्स में दुकान/आफिस चेम्बरों की न्यूनतम कीमत 22,03,500 के विरूद्ध लोगों द्वारा 35,00,000 तक की कीमत प्रस्तुत की गई जो कि प्राधिकरण को अब तक प्राप्त दरों में सर्वोत्तम दर है।

प्राधिकरण कार्यालय में आज अपरांह 4 बजे उच्चतम दर प्रस्तुत करने वाले निविदादाताओं को प्राधिकरएण अध्यक्ष श्री श्याम बंसल जी ने स्वयं अपने हाथों से आवंटन पत्र जारी करते हुऐ उन्हे प्राधिकरण की योजनाओं में सहभागिता करने के लिये धन्यवाद दिया तथा उच्चतम दर प्रस्तुत करने वाले समस्त हितग्राहियों को आवंटन पत्र जारी करते हुऐ उन्हे मिठाई खिलाई तथा शुभकामनाऐं दी।

इसके पूर्व दोपहर 12 बजे श्री बंसलजी ने महानंदा नगर में निर्मित गिये शापिंग काम्पलेक्स एवं नानाखेडा होटल यात्रिका के पीदे निर्मित किये गये 32 फलेटों का निरीक्षण किया तथा आगामी सप्ताह में इनके निवर्तन हेतु निविदा विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिये।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# धन्यवाद प्रधानमंत्री जी

## ₹982 करोड़ से 34 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय विकास

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी**
द्वारा वर्चुअल
**शिलान्यास**



**6 अगस्त 2023 | प्रातः 11.00 बजे**




## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में ₹25 हजार करोड़ से 508 रेलवे स्टेशन बनेंगे वर्ल्ड क्लास

### मध्यप्रदेश के पुनर्विकसित होने वाले रेलवे स्टेशन

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| आमला जं. | दमोह | गुना जं. | कटनी जं. | मुलताई | रुठियाई जं. | श्रीधाम |
| बानापुरा | देवास जं. | हरदा | कटनी मुड़वारा | नर्मदापुरम | संत हिरदाराम नगर | सिहोरा रोड |
| बैतूल | गाडरवारा | इटारसी जं. | कटनी साउथ | नेपानगर | सागर | विदिशा |
| ब्यावरा-राजगढ़ | गंज बासौदा | जुन्नार देव | खजुराहो | पांढुरना | शामगढ़ | विक्रमगढ़ आलोट |
| डबरा | घोड़ाडोंगरी | करेली | मैहर | रीवा | शिवपुरी | |

प्रदेश के **21 जिले** होंगे लाभान्वित

रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर, एग्जीक्यूटिव लाउंज, वेटिंग एरिया, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, दिव्यांगजन सुविधाएं एवं हरित ऊर्जा के साथ सिटी सेंटर के रूप में विकास

इस वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश के **₹13 हजार करोड़** से अधिक के रेलवे प्रोजेक्ट स्वीकृत, **₹77 हजार करोड़** से अधिक के कार्य प्रगति पर



D11077/23

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD NEWS @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023